रोहतक
बुधवार 27 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 112
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 40.0
न्यून. 23.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 पन्नीरसेल्वम ने जीते दो स्वर्ण पदक

## खबर संक्षेप

### गुजरात के गिर में संक्रमण से पांच शेरों की मौत



**अहमदाबाद।** गुजरात के गिर वन क्षेत्र में पांच शेरों की मौत की बात सामने आई है, जिनमें दो शावकों की जान बेबेशिया वायरस के संक्रमण के कारण जाने का संदेह है, जबकि तीन अन्य शेर ने प्राकृतिक कारणों और आपसी संघर्ष की घटनाओं में दम तोड़ दिया। राज्य के वन मंत्री अर्जुन मोधवाडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मोधवाडिया ने गिर के जंगलों में किसी बड़ी महामारी या बीमारी के प्रकोप की आशंका से इनकार किया। *एजेंसी*

### यूएस में गुजराती महिला की गोली मारकर हत्या



**नई दिल्ली।** उत्तरी गुजरात के मेहसाणा जिले की एक महिला की अमेरिका में अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। मेहसाणा जिले की विजापुर तालुका के जंत्राल गांव की मूल निवासी मेघना पटेल पिछले 10 वर्षों से अमेरिका में बस गई थीं। वह वहां एक स्टोर में काम करती थीं। जब मेघना पटेल स्टोर में मौजूद थीं तभी एक अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर आया और गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी। *एजेंसी*

### पूर्व बीजेडी सांसद देबाशीष भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बीजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के बाद देबाशीष सामंतराय ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके कार्यक्रमों और व्यक्तित्व से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हो रहा हूं। *एजेंसी*

### 'चक दे इंडिया' एक्टर दायमा का निधन



**नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। 'चक दे इंडिया', 'स्कैम 1992' समेत कई फिल्मों, सीरीज और टीवी शोज में काम कर चुके दिग्गज कलाकार रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया है। एक्टर काफी महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 69 साल उम्र में अंतिम सांस ली। *एजेंसी*

### चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट में निकला धुआं

**बेंगलुरु।** केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार यानी 26 मई को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां चेन्नई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6017 जब उड़ान भरने के लिए टैक्सीइंग कर रहा था, तभी अचानक विमान के अंदर धुआं दिखाई दिया। विमान में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी और डर पैदा कर दिया। विमान के पायलट ने खतरे को भांपते हुए बिना देरी किए विमान को वहीं रोक दिया। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फौरन आपातकालीन निकासी की प्रक्रिया शुरू की गई। सभी यात्रियों और क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट की फायर ब्रिगेड की टीमें और तकनीकी अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए। *एजेंसी*

## केंद्र ने उच्चस्तरीय समिति गठित की, बदलाव का करेगी आकलन

# डेमोग्राफिक चेंज पर बड़े प्रहार की तैयारी

**1** शाह बोले-वर्तमान समय में जनसांख्यिकी परिवर्तन चुनौती

**2** हर एक अवैध व्यक्ति की पहचान की जाएगी

**3** घुसपैठ रोकना सरकार की पहली प्राथमिकता

**मोदी ने 15 अगस्त को की थी कमेटी बनाने की घोषणा**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने अवैध अप्रवासन और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक आकलन करने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से असामान्य जनसांख्यिकी परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, ''इस चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'जनसांख्यिकी परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति' की घोषणा की थी। मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है।''



### कमेटी में ये सदस्य

उन्होंने कहा कि समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) करेंगे और कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी) और डॉ. शमिका रवि समिति सदस्य के तौर पर होंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त सचिव (विदेशी-1), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### कमेटी क्या काम करेगी

- अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसंख्या बदलाव का कारण जानेगी।
- धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों के पैटर्न का अनालिसिस करके समाधान भी पेश करेगी।

### राज्य सरकारों के बीच समन्वय बढ़ाने का काम भी करेगी

- धार्मिक या सामाजिक समुदायों के स्तर पर संरचनात्मक जनसंख्या परिवर्तनों का विश्लेषण करना।
- देश में पहले से ही रहने वाले अवैध आप्रवासियों की कानूनी, निष्पक्ष और समयबद्ध पहचान, हिरासत और निर्वासन के लिए एक सुव्यवस्थित और स्थायी परिचालन प्रणाली की सिफारिश करना।
- ऐसे रुझानों की निरंतर निगरानी के लिए सीमा प्रबंधन, जनसंख्या स्थिरीकरण और पहचान प्रणालियों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संस्थागत तंत्र की सिफारिश करना।
- अवैध आप्रवास और परिणामी जनसांख्यिकीय असंतुलन से संबंधित मामलों में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए एक व्यापक नीतिगत ढांचा प्रस्तावित करना।
- परिवर्तनों से उत्पन्न चुनौतियों, जिनमें अवैध आप्रवास भी शामिल है, से निपटने के लिए उपाय की सिफारिश कर सकती है।

**बॉर्डर पर जुटने लगी भीड़**



### शुभेंदु की चेतावनी, बांग्लादेशियो यहां से जल्दी भागो, नहीं तो एक्शन होगा

**कोलकाता।** बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले-राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद बीएसएफ उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर, पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं। दावा है कि यह लोग पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में अवैध तरीके से रह रहे थे और अब बांग्लादेश लौटने के लिए बॉर्डर पर पहुंच रहे हैं।

## भीषण गर्मी का दौर जारी 29 से राहत की उम्मीद

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश के 17 जिलों में मंगलवार दोपहर को भीषण लू (सीवियर हीटवेव) चली। इनमें महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, नूंह, पलवल, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, जींद और कैथल शामिल रहे। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ ने 29 मई तक राज्य में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना जताई है। इस दौरान दक्षिण-पश्चिमी गर्म हवाएं चलेंगी, जिससे दिन के तापमान में और बढ़ोतरी होगी। इसके चलते दिन और रात दोनों का तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा। सोमवार को प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान सिरसा में 46.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक**

### आंधी, गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 27 मई तक प्रदेश में लू का असर बना रहेगा। 28 मई को कुछ स्थानों पर आंधी, गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं 29 मई से मौसम में बदलाव शुरू होगा। पश्चिमी विक्षोभ और राजस्थान के ऊपर बनने वाले साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से 29 मई की रात से 1 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आंशिक बादल छाने, धूलभरी हवा चलने तथा कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि की भी आशंका है। बारिश और बादलवाही के चलते तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है।

### ओटी असिस्टेंट की शैक्षणिक योग्यता बढ़ा कर बीएससी ओटी टेक्नोलॉजी किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करते हुए ऑपरेशन थिएटर (ओटी) असिस्टेंट की शैक्षणिक योग्यता को बढ़ाने का निर्णय लिया है। ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा ने ओटी असिस्टेंट की योग्यता को दस जमा दो साइंस कक्षा उत्तीर्ण से बढ़ाकर बीएससी ओटी टेक्नोलॉजी किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि यह निर्णय केवल एक शैक्षणिक सुधार नहीं है, बल्कि हरियाणा की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इससे सरकारी अस्पतालों में सर्जिकल सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा तथा मरीजों की सुरक्षा पहले से अधिक सुनिश्चित हो सकेगी। इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने बीएससी ओटी टेक्नोलॉजी योग्यता लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन थिएटर किसी भी अस्पताल या मेडिकल संस्थान की बैक बोन होता है।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का कदम**

**लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हादसा**

### एसी बस पलटी, दरोगा समेत सात की जान गई, 25 घायल

**उन्नाव।** उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर एसी बस मंगलवार सुबह करीब 5 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दरोगा-कैदी समेत 7 यात्रियों की मौत हो गई। 3 पुलिसकर्मी समेत 25 लोग घायल हैं। दिल्ली से बिहार जा रही बस में 36 यात्री सवार थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में थी। अचानक ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। बस डिवाइडर से टकराकर किनारे लगी रेलिंग पर लटक गई। इससे कई यात्री बस की खिड़कियों से एक्सप्रेस-वे के नीचे गिर गए।

- ड्राइवर ने झपकी आने के बाद खोया नियंत्रण

**9 साल में 16वीं बार मिली राहत**

### राम रहीम फिर जेल से बाहर मिली 30 दिन की पैरोल

**रोहतक।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम एक बार फिर जेल से बाहर आ गया है। वह 30 दिन की पैरोल पर मंगलवार सुबह 6.30 बजे रोहतक की सुनारियां जेल से निकला और करीब सवा 9 बजे सिरसा डेरे पहुंच गया। उसके काफिले में टोयोटा लैंड क्रूजर, फॉर्च्यूनर लिजेंडर जैसी 8 महंगी गाड़ियां शामिल थीं। साध्वियों के यौन उत्पीड़न में उम्रकैद की सजा काट रहे राम रहीम की ये 16वीं पैरोल या फरलो है। इस साल के पहले 5 महीनों में ही वह दूसरी बार जेल से बाहर आया है। जनवरी-2026 में उसे 40 दिन की पैरोल मिली थी और वह फरवरी में ही वापस जेल लौटा था।

**सुनारियां जेल से सुबह 6.30 बजे आठ गाड़ियां लेकर निकला**

**इस महीने चौथी बार दाम बढ़े**

### सीएनजी 2 रुपये महंगी, दिल्ली में कीमत 83.09 रुपये किलो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान जंग के बीच कंप्रेस्ड नेचुरल गैस यानी सीएनजी के दाम पिछले दो हफ्तों के भीतर चौथी बार बढ़ गए हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने मंगलवार 26 मई को सीएनजी 2 प्रति किलोग्राम महंगी कर दी है। दिल्ली-एनसीआर सहित कई शहरों में ये दाम बढ़ाए गए हैं।

- अब तक 6 रुपये का हो चुका है इजाफा

**अब यह होंगे नए रेट्स**

- दिल्ली में सीएनजी 81.09 प्रति किलो से बढ़कर अब 83.09 प्रति किलो हो गई है।
- नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में सीएनजी के लिए 91.70 देने होंगे।
- गुरुग्राम में सीएनजी की कीमत बढ़कर 88.12 प्रति किलोग्राम कर दी गई है।

**अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला**

## फिर बढ़ा तनाव : ईरान ने गिराया अमेरिका का एमक्यू-9 रीपर ड्रोन



**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी एमक्यू-9 बी ड्रोन को मार गिराया है और ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसे एक लड़ाकू विमान पर भी फायरिंग की है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी ने कहा कि ईरानी फोर्स ने एक आरक्यू-4 ड्रोन और घुसपैठ करने वाले एफ-35 लड़ाकू विमान पर कार्रवाई की। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका युद्धविराम का उल्लंघन करता है तो ईरान को जवाबी कार्रवाई करने का हक है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने भी बयान जारी किया।

**मिसाइल साइट को भी बनाया निशाना**
**अमेरिका ने दक्षिणी ईरान में रातभर कई ठिकानों पर हमले किए**

### पाकिस्तान का इजराइल को मान्यता देने से इनकार

पाकिस्तान ने इजराइल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। आसिफ ने कहा कि हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर लिखा होता है कि यह इजराइल के लिए मान्य नहीं है।

### 24 अरब डॉलर की रकम रिलीज करने की मांग

ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित समझौते में 24 अरब डॉलर की जमी हुई रकम जारी करने की मांग रखी है। एक सूत्र ने कहा कि तेहरान चाहता है कि एमओयू पर दस्तखत होते ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं। बाकी 12 अरब डॉलर अगले 60 दिनों के भीतर दिए जाएं। रिपोर्ट के अनुसार ईरान के शीर्ष वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालीबाफ इसी मांग को लागू करने के तरीके पर सहमति बनाने के लिए कतर गए हैं।



## कांतारा विवाद : मां चामुंडेश्वरी के दरबार में रणवीर सिंह ने झुकाया सिर, हाथ जोड़कर मांगी माफी

**मैसूर (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने मंगलवार सुबह मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। यह कदम उन्होंने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद उठाया है, जो उनके खिलाफ दर्ज 'कांतारा' फिल्म के दैवा सीन की मिमिक्री केस में दिया गया था। कोर्ट ने अप्रैल में उन्हें चार हफ्ते के भीतर मंदिर जाकर दर्शन करने का आदेश दिया था। रणवीर सिंह का यह मंदिर दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब एक दिन पहले ही फिल्म फेडरेशन ने फिल्म 'डॉन 3' को छोड़ने के कारण उनके खिलाफ असहयोग निर्देश जारी कर उन्हें बैन कर दिया था। एक आम श्रद्धालु की तरह कतार में खड़े हुए और देवी चामुंडेश्वरी के दर्शन किए। रणवीर सिंह ने फिल्म 'कांतारा' के प्रसिद्ध 'दैवा' सीन की मिमिक्री की थी। इस पर कन्नड़ समुदाय के एक बड़े हिस्से ने कड़ी नाराजगी जताई थी। इसके बाद कन्नड़ समुदाय की भावनाएं आहत करने के आरोप में रणवीर के खिलाफ कर्नाटक में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मैसूर, कर्नाटक में स्थित यह मंदिर दक्षिण भारत के सबसे पूजनीय शक्तिपीठों में से एक है, जहां मां चामुंडेश्वरी का दरबार सजता है।

**आईपीएल का पहला क्वालिफायर मुकाबला**

## बेंगलुरु दूसरी बार फाइनल में गुजरात को 92 रन से हराया

**धर्मशाला (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लगातार दूसरे सीजन में आईपीएल के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने मंगलवार को क्वालिफायर-एक में गुजरात टाइटंस को 92 रन से हरा दिया। अब गुजरात एलिमिनेटर मुकाबला जीतने वाली टीम से क्वालिफायर-2 खेलेगी। एलिमिनेटर सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। बेंगलुरु ने धर्मशाला में टॉस हारकर 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 19.3 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई।

*(विस्तृत खबर खेल पेज पर)*



**बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 254 रन बनाए**

गुजरात की टीम 162 रन पर ऑलआउट हो गई

**पाटीदार-क्रुणाल के बीच 95 रन की साझेदारी**

गेंदबाज जैकब डफी ने चार ओवर में 3 विकेट चटकाए

**जींद-सोनीपत रूट पर दौड़ेगी, 75 किमी प्रति घंटे की होगी अधिकतम गति**

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन को मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने पर्यावरण अनुकूल तकनीक की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड ने देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन (फ्यूल सेल) आधारित 10-कोच वाली ट्रेन के संचालन को हरी झंडी दे दी है। इसके तहत उत्तरी रेलवे और अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) को दिल्ली डिवीजन के जींद-सोनीपत रूट पर इस ट्रेन को चलाने की अनुमति मिल गई है। रेलवे बोर्ड के मुताबिक यह ट्रेन इस समर्पित रूट पर 75 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी। तकनीकी रूप से यह ब्रॉड गेज प्लेटफॉर्म पर दुनिया का सबसे लंबा (10 कोच) और सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनसेट है। इसमें 1200 किलोवाट की दो ड्राइविंग पावर कार शामिल हैं, जिनकी कुल क्षमता 2400 किलोवाट है। साथ ही, इसमें यात्रियों के लिए 8 कोच लगाए गए हैं।




### जर्मनी, स्वीडन, जापान व चीन की कतार में हम भी

यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है, इससे कार्बन डाइऑक्साइड की जगह केवल जलवाष्प उत्सर्जित होगी। ट्रेन का निर्धारित मेंटेनेंस दिल्ली के शकूरबस्ती में किया जाएगा। सफल व्यावसायिक संचालन के बाद भारत, जर्मनी, स्वीडन, जापान और चीन जैसे उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिनके पास हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें हैं।

### क्या हैं हाइड्रोजन ट्रेन की विशेषताएं

- वर्तमान में यह ब्रॉड गेज प्लेटफॉर्म पर दुनिया का सबसे लंबा (10 कोच) और सबसे शक्तिशाली (2400 किलोवाट) हाइड्रोजन ट्रेनसेट है।
- इस ट्रेन सेट में 1200 किलोवाट की दो ड्राइविंग पावर कार (डीपीसी) शामिल हैं जिनकी कुल क्षमता 2400 किलोवाट है, साथ ही आठ यात्री कारें भी हैं।
- कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन शून्य; केवल जल वाष्प का उत्सर्जन होता है।

### संचालन को लेकर नियम जारी

जानकारी के मुताबिक, हाइड्रोजन ट्रेन के रोलिंग स्टॉक की मंजूरी केवल जींद-सोनीपत खंड पर संचालन के लिए दी गई है, जबकि ट्रेनसेट का निर्धारित रखरखाव शकूरबस्ती में किया जाएगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जींद-शकूरबस्ती-जींद मार्ग पर निष्क्रिय अवस्था में ट्रेनसेट के संचालन के लिए आवश्यक प्राधिकरण मौजूदा नियमों के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## 18 आईएएस और 3 एचसीएस का तबादला

**पंकज यादव** : सहयोग विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग का प्रधान सचिव तथा हरियाणा भवन नई दिल्ली में प्रिंसिपल रेजीडेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी
**गीता भारती** : महानगर विकास प्राधिकरण की सीईओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा
**ए मोना श्रीनिवास**: व्यापार मेला प्राधिकरण की मुख्य प्रशासक का अतिरिक्त कार्यभार
**डा. प्रियंका सोनी** : ग्रीवेंसिज डिपार्टमेंट की विशेष सचिव का अतिरिक्त कार्यभार
**संजय जून** : मेवात विकास एजेंसी के चेयरमैन का अतिरिक्त कार्यभार
**मनदीप कौर** : उपायुक्त चरखी दादरी लगाया गया
**वैशाली शर्मा** : उपायुक्त जींद
**अपराजिता** : मत्स्य विभाग की अतिरिक्त सचिव नियुक्त
**धर्मेंद्र सिंह** : हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक
**मनोज कुमार** : हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास के सीईओ का अतिरिक्त कार्यभार
**अजय कुमार** : मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के मिशन निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार
**वीरेंद्र कुमार दहिया** : परिवहन निदेशक हरियाणा लगाया
**मोहम्मद इमरान रजा** : विशेष सचिव मानव संसाधन विभाग
**डा. मुनीश नागपाल** : विशेष सचिव स्थापना सचिवालय भेजा
**आयुष सिन्हा** : स्मार्ट सिटी लिमिटेड फरीदाबाद के अतिरिक्त सीईओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा
**समवर्तक सिंह खांगवाल** : सूचना, तकनीकी, इलेक्ट्रानिक्स और संचार विभाग के अतिरिक्त सचिव तथा निदेशक नियुक्त किया
**नरेंद्र कुमार** : रोहतक नगर निगम के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार
**अंजलि सहोतरिया**: एचएसवीपी फरीदाबाद तथा शहरी संपदा फरीदाबाद के प्रशासक का अतिरिक्त कार्यभार
**प्रदीप अहलावत** : हैफेड के सचिव और विजिलेंस आफिसर का अतिरिक्त कार्यभार
**शुभम** : सिटी मजिस्ट्रेट रोहतक
**नीलम मेहरा** : एचएसवीपी अंबाला में संपदा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया।

## सिविल कार्यों की जांच के लिए बनेगी हाईटेक लैब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में सभी सिविल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए उच्च स्तरीय लैब स्थापित की जाए, ताकि विकास परियोजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में क्वालिटी से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## गर्मी में पेयजल को लेकर सरकार गंभीर

**चंडीगढ़।** मंत्री रणबीर गंगवा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध करवाना और मानसून से पहले सड़क मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अधिक से अधिक समय फील्ड में रहकर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें।

# हर गांव को बस सेवा से जोड़ने की तैयारी, सरकार बनाएगी नया रूट प्लान

## निजी वाहनों का प्रयोग कम करने पर जोर, शहरों में फिर चलेंगी लोकल बसें

## मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के आगामी पांच वर्षों के रोडमैप की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए निजी वाहनों के उपयोग में कमी लाना जरूरी है। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी बस सेवा पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की बढ़ती आबादी तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नया रूट प्लान तैयार किया जाए, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक गांव और शहर बस सेवा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विजन-2047 के तहत परिवहन विभाग की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना और रोडमैप की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के लगभग 6500 गांवों और शहरी क्षेत्रों में आबादी बढ़ी है, लेकिन उसके अनुरूप बस सेवाओं का विस्तार नहीं हो पाया। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में कोई भी गांव बस सेवा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों का क्लस्टर बनाकर आपस में बसों से जोड़ा जाए। जरूरत पड़ने पर पुरानी परिवहन नीति में संशोधन भी किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों, महिलाओं और कामकाजी लोगों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले शहरों में लोकल बस सेवाएं चलती थीं, लेकिन अब उनकी संख्या काफी कम हो गई है। शहरी क्षेत्रों के विस्तार को देखते हुए फिर से लोकल बस सेवा को मजबूत किया जाएगा।



### बसों में रियल टाइम ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा

उन्होंने कहा कि रेलवे की तर्ज पर सभी बसों में रियल टाइम ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे यात्री मोबाइल ऐप के माध्यम से बस की लोकेशन और आगमन समय की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। बसों में सीसीटीवी कैमरे और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन भी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले एक वर्ष में प्रदेश में 10 नए इलेक्ट्रिक बस स्टैंड बनाए जाएंगे। परिवहन विभाग को अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक बसें खरीदने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी बस अड्डों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने की योजना भी तैयार की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को जल्द पूरा करें : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक में राज्यभर में 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को परियोजनाओं का कार्य तय समय सीमा में पूरा करने और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि फरीदाबाद सिविल अस्पताल में निर्माणाधीन मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल एवं सर्विस ब्लॉक का 28 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और इसे जनवरी 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, सोनीपत सिविल अस्पताल परिसर में 138.12 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 100 बेड के मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का 20 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा असंध, करनाल में 76.19 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 100 बेड अस्पताल का 25 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य अवसंरचना सर्वोच्च मानकों की होनी चाहिए और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विकास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि फरीदाबाद में 378.90 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

## एसएमडीए की बैठक में कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सोनीपत मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की तीसरी बैठक में सोनीपत महानगर क्षेत्र के समग्र विकास और शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और विकास परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सोनीपत शहरी क्षेत्र में सड़कों, जल निकासी, पेयजल, सीवरेज, पार्किंग, खेल सुविधाओं, धार्मिक पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।

## मुख्यमंत्री ने पंजाब के किसान नेताओं के साथ की भेंट

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पंजाब के विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने संत कबीर कुटीर में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, कृषि व्यवस्था और पंजाब के किसानों की वर्तमान स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में दोआबा किसान यूनियन, किसान बचाओ मोर्चा और कम्बोज बिरादरी के प्रतिनिधि शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब में किसानों के सामने आ रही समस्याओं और चुनौतियों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान



करना बीजेपी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसानों के लिए अनेक योजनाएं चल रही है।

## स्वास्थ्य विभाग व मेदांता फाउंडेशन में एमओयू

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्य के ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि हरियाणा स्वास्थ्य विभाग, मेदांता फाउंडेशन के माध्यम से मेदांता अस्पताल के साथ एक समझौता ज्ञापन करने जा रहा है। साझेदारी का मुख्य उद्देश्य अटेली अस्पताल में सुविधा बढ़ाना रहेगा।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जीन्द**

मुकदमा नंबर 80 दिनांक 29.04.2026 धारा 127 (6) बीएनएस थाना सिविल लाईन जींद



गुमशुदा की तलाश
नाम- मनदीप
पिता का नाम सलेम
पता - राजगढ जींद
उम्र 36 साल
कद - 5 फुट 8 इंच
हुलिया रंग गेहुंआ, गोल चेहरा,
सफेद रंग की शर्ट व काले रंग कि पेंट पहने हुए है । यह बिना किसी को बताए दिनांक 29.04.2026 से गायब है। यदि किसी को पता चले तो मो.न. 8814011526,8814011563 प्रबंधक थाना सिविल लाईन जींद व 01681-245711 कंट्रोल रुम जींद पर सम्पर्क करें।
प्रबंधक अफसर
सिविल लाईन जींद।
पीआरडीएच-1084/11/4865/2027/45606/88/6 दि. 26.05.2026

थाना कैम्प पलवल — जिला पलवल

**इश्तहार लावारिश नाश नामपता नामालुम**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.05.26 को सुबह के समय करीब 08.30 AM आगरा चौंक पलवल पर साहिल रेस्टोरेंट के पास एक नामपता नामालूम व्यक्ति उम करीब 35 वर्ष बेहोशी की हालत में मिला था जो सुचना मिलने पर सरकारी अस्पताल पलवल भिजवाया गया था जो सरकारी अस्पताल पलवल से सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में रेफर किया गया था जो सफदरजंग अस्पताल में ईलाज के दौरान अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई है जिसकी नाश को शिनाख्त हेतु शवगृह सफदरजंग अस्पताल दिल्ली मे रखवाया हुआ है। जिसका हुलिया निम्न प्रकार है - रंग सांवला, गोल चेहरा, दुबला पतला शरीर, कद करीब 5 '8" उम्र करीब 35 वर्ष व मृतक ने हल्के नीले रंग की जीन्स व कमर पर कुछ नहीं पहना हुआ है। जो उपरोक्त नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश के बारे में पता चले तो नीचे लिखे मो. न. पर सुचित करने की कृपा करे।



प्रबंधक अफसर थाना कैम्प पलवल जिला पलवल मो. 8930202029
पुलिस कंट्रोल रुम पलवल जिला पलवल मो. 01275-298065
PSI सचिन अनुसंधान अधिकारी थाना कैम्प पलवल मो. 8295164100
हस्ता/-थाना कैम्प पलवल
दिनांक 25.05.2026
पीआरडीएच-1084/11/4863/2027/45587/88/6 दि. 26.05.2026


## सरकारी नौकरी में सैनिक कोटे का लाभ अब सिर्फ एक बार मिलेगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी नौकरियों में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को मिलने वाले आरक्षण नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नई नीति के तहत भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और एकरूपता लाने के लिए संशोधित एवं समेकित निर्देश जारी किए गए हैं। नई व्यवस्था में पूर्व सैनिक की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। अब केवल हरियाणा निवासी पूर्व सैनिकों और उनके पात्र परिवारों को ही आरक्षण का लाभ मिलेगा। इसमें सेना, नौसेना और वायुसेना के पेंशन प्राप्त पूर्व सैनिक, सैन्य सेवा से संबंधित दिव्यांगता के कारण मुक्त किए गए कर्मी तथा निर्धारित सेवा अवधि पूरी करने वाले सैनिक शामिल होंगे। सरकार ने सिंगल बेनिफिट सिद्धांत को सख्ती से लागू करते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कोई पूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ लेकर सरकारी नौकरी प्राप्त कर लेता है, तो उसके बाद वह स्वयं और उसका परिवार भविष्य में इस आरक्षण का लाभ नहीं ले सकेगा। हालांकि आयु सीमा में छूट जारी रहेगी। नई नीति के तहत भर्ती एजेंसियों को पूर्व सैनिक श्रेणी के लिए अलग मेरिट सूची तैयार करनी होगी तथा प्रारंभिक परीक्षा स्तर से ही आरक्षण लाभ लागू होगा। वहीं, युद्ध में शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए विशेष प्रावधान भी किए गए हैं। सरकार ने इन निर्देशों को सभी विभागों, बोर्डों, निगमों और विश्वविद्यालयों में लागू करने के आदेश जारी किए हैं।

■ आरक्षण नियमों में बदलाव, आयु छूट का प्रावधान मिलता रहेगा

## शिक्षा मंत्री ने मेधावियों को किया सम्मानित



**चंडीगढ़।** शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की मार्कशीट केवल अंकों का कागज नहीं, बल्कि उनकी मेहनत, अभिभावकों के त्याग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण है। शिक्षा मंत्री पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में आयोजित समारोह में सरकारी स्कूलों के हरियाणा शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर रहे थे। समारोह में 22 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंत्री ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 11 हजार, 8100 और 5100 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत हर बच्चे तक आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। इसके लिए प्रदेश में शैक्षणिक आधारभूत ढांचे को लगातार मजबूत किया जा रहा है।


**NOTICE INVITING TENDER**

| Sr. No. | Name of Work | Cost of Work (In lacs) | Earnest Money (For unregistered bidders only) (In Rs.) | | Cost of Bid Document (In Rs.) | Time Limit | Date and Time for Bid Submission | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | for Society | for Contractor | | | Starting date | Closing date |
| 1 | Processing of Municipal Solid Waste (MSW) of Municipal Council, Narnaul as cluster of 10 years (MC, Narnaul, Kanina, Ateli Mandi, Nangal Choudhary and Mahendergarh) | | 42,73,080/- (exemption allowed) | 42,73,080/- (exemption allowed) | 25,000/- + 1,000/- = 26,000/- | 10 Years | 19-May-2026, 17:00 Hrs. | 10-June-2026, 17:00 Hrs. |
| 2 | Providing and Fixing Urinals and other accessories in toilet blocks at various locations in MC Narnaul | 7.32 | 7,320/- | 14,640/- | 1000/- + 1000/- - 2000/- | 04 Months | 20 May 2026 17.00 Hrs | 3 June 2026 17.00 Hrs |
| 3 | Repair of various streets, roads, drains, Jali, and frames etc. in ward 29, MC Narnaul | 4.23 | 4,234/- | 8,470/- | 500/- +1000/- 1500/- | 06 Month | 20 May 2026 17.00 Hrs | 03 June 2026 17.00 Hrs |

For more information intersted bidders may visit https://etenders.hry.nic.in

**Executive Engineer, Municipal Council, Narnaul**


## स्वास्थ्य परियोजनाओं में थर्ड पार्टी क्वालिटी जांच व्यवस्था लागू

**चंडीगढ़।** सरकार ने प्रदेश में अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं के लिए 815 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 288 प्रतिशत अधिक है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने स्वास्थ्य परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में सभी विभागों को संशोधित समय सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। सरकार ने सभी नई स्वास्थ्य परियोजनाओं में थर्ड पार्टी क्वालिटी जांच व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है। इसके तहत स्वतंत्र ऑडिट और नियमित रिपोर्टिंग के माध्यम से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

## बिजली का निजीकरण सहन नहीं : लांबा

**चंडीगढ़।** इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) ने बिजली क्षेत्र में प्रस्तावित नीतिगत बदलावों, बिजली संशोधन विधेयक, श्रम संहिताओं तथा कर्मचारियों के अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। यह फैसला नई दिल्ली स्थित बीटीआर भवन में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. करीम ने की।

# संगठन सृजन अभियान में जुटी कांग्रेस 24 जिलाध्यक्षों की परफॉर्मेंस की समीक्षा

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस संगठन को नई धार देने की मुहिम में जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में 26 से दो दिवसीय समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को 27 को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की बड़ी समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक को कांग्रेस का अहम चरण माना जा रहा है, जिसमें जिलाध्यक्षों के कामकाज, बूथ स्तर की सक्रियता और संगठन विस्तार की प्रगति का आकलन किया जाएगा। बैठक में हरियाणा में हो रहे सर्वे एसआईआर को लेकर विचार मंथन हुआ। इसके लिए कांग्रेस ने अपनी रणनीति तय की जाएगी लगातार राजनीतिक हमलों और चुनावी चुनौतियों के बीच कांग्रेस हरियाणा में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के मिशन में दिखाई दे रही है। मंगलवार की सुबह से शाम तक चर्चा का दौर चला। इस दौरान 24 जिला कांग्रेस अध्यक्षों की समीक्षा का सिलसिला चल रहा है। इसी बीच प्रदेश कांग्रेस ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भी बड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम बुलाया है। बुधवार सुबह पार्टी मुख्यालय में राज्य स्तरीय कार्रवाई एवं निगरानी समिति की बैठक होगी।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक तीन को

**चंडीगढ़।** नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार कांग्रेस के चंडीगढ़ में मौजूद विधायकों से चर्चा की। उन्होंने विधायकों के साथ पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम, महंगाई, बेरोजगारी, बाहरी लोगों को नौकरी, बढ़ते अपराध, सफाई कर्मियों का आंदोलन, कर्मचारियों में असंतोष, किसानों में असंतोष, एमएसपी, खाद की कमी ,बिजली पानी की किल्लत समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मंथन के बाद तीन जून को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव खेवड़ा, राई, जिला सोनीपत में पीएचसी का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान) + 6 कार्य। | 23.05.2026 29.05.2026 | 160.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में जिन्दल चौक से सूर्य नगर रोड पर आरयूबी एलसी-89 और एलसी-60 पर पानी के लीकेज को बंद करना और वाटरप्रूफ, क्रैक सीलिंग के कार्य हेतु डीएनआईटी + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.05.2026 | 180.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | जीन्द में लघु सचिवालय में स्थापित 4 अदद जॉनसन मेक लिफ्ट्स को बदलना + 3 कार्य। | 25.05.2026 01.06.2026 | 81.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जुलाना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 69.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ऑफिसर कॉलोनी में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के लिए 2 अदद और सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के लिए 4 अदद मकानों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 518.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में मौजूदा नागरिक हस्पताल के प्रथम तल पर डीईआईसी का निर्माण (बैड एलेवेटर का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 22.05.2026 29.05.2026 | 33.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 7 | बागवानी विभाग भुना (फतेहाबाद) | सीईजी, भुना में संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत करने के लिए ई-निविदा सूचना। | 27.05.2026 18.06.2026 | 35000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896389920 ddhbhuna@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | 2026-27 में बाढ़ का पानी निकालने के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 17.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 30 मदों तक मदें निहित सूची (30 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 124 मदों तक मदें निहित सूची (124 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 05 मदों तक मदें निहित सूची (05 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 206 मदों तक अर्थात लिक्विड नाइट्रोजन गैस सिलेंडर मदें निहित सूची (206 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 तक अर्थात फुट ओवर ब्रिज मदें निहित सूची (01 मद का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 51 मदों तक मदें निहित सूची (51 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 18 मदों तक मदें निहित सूची (18 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2027/300/45611/I/88/6 दि. 26.05.26

## खबर संक्षेप

### यमुना में नहाने गए 12वीं के छात्र की मौत



**यमुनानगर।** दोस्तों के साथ यमुना नदी के ओदरी घाट पर नहाने गए 12वीं कक्षा के छात्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। दो घंटे सर्च अभियान चला कर शव को बाहर निकाला गया। गांव साबापुर निवासी 18 वर्षीय प्रज्ज्वल 12वीं कक्षा का छात्र था। प्रज्ज्वल मंगलवार को अपने दोस्त आयुष और उसके जीजा के साथ ओदरी घाट पर यमुना नदी में नहाने के लिए गया। यहां डूबने से उसकी मौत हो गई।

### रविदास डायग्नोस्टिक लैब का शुभारंभ

**चंडीगढ़।** अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंदरू ने गुरु रविदास भवन सेक्टर 15 पंचकूला में अमर शहीद रामानन्द महाराज के 17वें शहीदी दिवस पर गुरु रविदास डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी का शुभारंभ किया। उन्होंने गुरु रविदास डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी में उपयोग होने वाले केमिकल का एक साल का खर्च उठाने की भी घोषणा की।

## मंत्री अनिल विज और गौरव गौतम एक्शन में दिखे

# बिजली लाइन ठीक होने में देरी पर मंत्री विज ने तीन अधिकारी किए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री ने साफ कर दिया है कि प्रदेश में गर्मियों के दौरान बिजली की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली की आवश्यकता जितनी होगी, उतनी बिजली उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग को निर्देश दिए हैं कि आम जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गुरुग्राम में ट्रांसफार्मर जल जाने और घंटों बिजली बंद होने के मामले में तीन अधिकारियों पर गाज गिर गई है, उन्हें तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित होने वालों में संदीप नैन 220 केवीए सेक्टर 72 और जेई बृजेश व जेई संदीप सिंह के नाम शामिल हैं।

ऊर्जा मंत्री ने गुरुग्राम में लंबे समय तक बिजली बाधित रहने और शिकायतों के बाद कड़ा रुख अपनाते हुए विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी है। बताया गया है कि ग्रामीण और शहरी इलाकों के लिए हर रोज लगने वाले कटों के बारे में सीधे ही मंत्री विज मानीटरिंग कर रहे हैं। लापरवाही बरतने वाले तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इनमें एक एक्सईएन और दो एसडीओ शामिल हैं।

### 2 घंटे में बहाल हो बिजली



ऊर्जा मंत्री ने बताया कि विभाग ने गर्मियों को देखते हुए विशेष रणनीति तैयार की है। शहरों में दो घंटे और गांवों में चार घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल करने का लक्ष्य तय किया गया है और इसके लिए फील्ड अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पीक डिमांड को पूरा करने के लिए भी मंथन कर लिया गया है। मंत्री विज ने बताया कि हमारे पास में पर्याप्त बिजली है। गत 24 मई को डिमांड अभी से 12 हजार मेगावाट से ऊपर चली गई थी, लेकिन किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। मंत्री ने कहा कि हमारे शार्ट टर्म एग्रीमेंट भी हुए हैं।

### 15 दिन में मांगी खेल नर्सरियों की रिपोर्ट फर्जी मिलने पर डीएसओ होंगे जिम्मेदार



**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर ज्यादा से ज्यादा और बेहतरीन खेल सुविधाएं मुहैया करवाना है। इसके तहत प्रदेश में 21 नए खेल स्टेडियमों का निर्माण करवाया जाएगा। खेल मंत्री पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान खेल राज्य मंत्री ने फर्जी खेल नर्सरियों को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों के भीतर सभी जिला खेल अधिकारी (डीएसओ) अपने-अपने जिलों में चल रही खेल नर्सरियों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर खेल मुख्यालय को भेजें। खेल मंत्री ने चेताया कि इस रिपोर्ट के बाद यदि प्रदेश में कहीं भी कोई फर्जी खेल नर्सरी चलती हुई पाई गई, तो संबंधित जिला खेल अधिकारी के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल मंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द खेलो हरियाणा एप विकसित करने के निर्देश दिए। इस मोबाइल एप में प्रदेश के सभी खिलाड़ियों और खेल स्टेडियमों का पूरा डेटा उपलब्ध होगा। इसके अलावा, खिलाड़ियों को मानसिक रूप से निश्चिंत होकर अभ्यास करने का माहौल देने के लिए उन्होंने 'खिलाड़ी बीमा योजना' का ड्राफ्ट जल्द से जल्द तैयार करने को कहा।

### पांच जून से आयुष्मान के तहत इलाज रोकने की दी चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज/कुरुक्षेत्र।** हरियाणा में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज कर रहे निजी अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध फिर से मोर्चा खोल दिया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की हरियाणा शाखा ने चेतावनी दी है कि यदि लंबित भुगतान और अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो राज्य के आयुष्मान पैनल में शामिल अस्पताल पांच जून की मध्यरात्रि से योजना के तहत नए मरीजों को भर्ती करना बंद कर देंगे। आईएमए कुरुक्षेत्र जिला के पूर्व प्रधान डॉ. सुरेंद्र मेहता ने कहा कि अस्पतालों के करोड़ों रुपये के भुगतान महीनों से अटके हुए हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का आरोप है कि 16 अप्रैल 2026 को हुई आनलाइन बैठक में सरकार की ओर से लंबित दावों के निपटारे का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। योजना के तहत दावों का भुगतान एमओयू के अनुसार 15 दिनों में होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में तीन से पांच महीने की देरी हो रही है। कुछ प्रक्रियाओं के भुगतान छह से नौ महीने तक लंबित हैं। इस वजह से पिछले तीन वर्षों में चार बार काम बंद करने की नौबत आ चुकी है।

## डीजीपी ने अपराधियों को चेताया

# 5 माह में 70 एनकाउंटर हर बार टांग में नहीं लगती गोली

- 750 करोड़ होंगे पुलिस विभाग में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के डीजीपी अजय सिंघल ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार काम कर रही है। प्रदेश में 5 माह में 70 एनकाउंटर हुए हैं, जिसमें एक आरोपी की गुरुग्राम में मौत हुई है। इस दौरान 3 पुलिसकर्मियों को भी गोली लगी है, जिसमें बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से उनकी जान बच गई। यह जानकारी उन्होंने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। एक सवाल के जवाब में डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि हर समय पुलिस टांग पर ही गोली नहीं मारती, ये हालात पर निर्भर करता है। हर केस में स्थिति अलग होती है।

पुलिस विभाग के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए 2 साल के दौरान 750 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पुलिस लाइन, पुलिस पोस्ट, पुलिस बूथ, थानों-चौकियों व दूसरी चीजों का निर्माण होगा।

### आंकड़ों में ज्यादा दिख रहा क्राइम



डीजीपी ने कहा कि ओवरऑल क्राइम रेट में हरियाणा 4 और 5 नंबर पर दर्शाया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हमारे यहां साल में करीब 40 हजार एफआईआर बिजली चोरी की होती है। दूसरे प्रदेशों में ऐसा नहीं है। वहीं, हम मिसिंग पर्सन की एफआईआर दर्ज करते हैं, दूसरे प्रदेशों में केवल डीडीआर होती है। साल में करीब 30 हजार एफआईआर में समझौते या झूठी मिलती हैं।

**एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड जून से शुरू होगा :** हरियाणा में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड के गठन को लेकर डीजीपी ने कहा कि जून माह से यह शुरू हो जाएगा। इस पर छोटी से आपत्ति है वो जल्द दूर कर दी जाएगी। एटीएस को लीड आईजीपी स्तर का आईपीएस अफसर करेगा। इसके बाद 4 आईपीएस रैंक के अधिकारियों को एसपी की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# खेतों में युवक की हत्या तेजाब डालकर जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

गांव नन्हेड़ा के खेतों में एक युवक का शव मिलने से आस पास के इलाके में हड़कंप मच गया। युवक के चेहरे व शरीर पर तेजाब डाला हुआ था । मृतक की पहचान गांव चूरनी निवासी करीब 21 वर्षीय बॉबी के रूप में हुई है। परिवार ने संगोही गांव के कुछ लोगों पर रंजिश के चलते हत्या करने के आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई अभिषेक का कहना है कि बॉबी की कुछ लोगों के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बॉबी की हत्या करने के बाद पहचान मिटाने के लिए शव पर तेजाब डाला गया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर 6 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज की घटना की जांच शुरू कर दी है।

### प्रेम प्रसंग में गला दबाकर हत्या

**पानीपत।** मतलौडा थाना के अंतर्गत वैसर गांव में युवक सतीश की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मामला महिला के साथ प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा था। पुलिस के अनुसार सतीश सोमवार रात्रि करीब 12 बजे अपने ही गांव में विकास के घर गया हुआ था। वहां पर किसी बात को लेकर उनमें आपस में झगड़ा हो गया। आरोप है कि विकास ने सतीश का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तेल के नाम पर जनता से वसूली कर रही भाजपा : अनुराग ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने मंगलवार को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला है। अनुराग ढांडा ने कहा कि देश की जनता महंगाई से कराह रही है, लेकिन भाजपा सरकार जनता को राहत देने की बजाय टैक्स और तेल की कीमतों से लूटने में लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि 15 मई से 25 मई तक सिर्फ 10 दिनों में पेट्रोल 7 रुपये से ज्यादा और डीजल 7.5 से ज्यादा महंगा हो चुका है।

### गुप्ता ने की शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करने की मांग



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने देश में लगातार सामने आ रहे शिक्षा घोटालों को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। डॉ. सुशील गुप्ता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और बर्खास्त करने की पुरजोर मांग की है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि पहले नीट परीक्षा में पेपर लीक ने लाखों छात्रों के सपनों को तोड़ा और अब सीबीएसई के मूल्यांकन प्रोसेस में इतना बड़ा घोटाला, जिसने देश को झकझोर कर रख दिया है।

### पांच चीफ इंजीनियर बने निदेशक


**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने तीन कंपियनों एचवीपीएनएल और डीएचबीवीएल यूचबीवीएनएल में पांच चीफ इंजीनियर डायरेक्टर (निदेशक) के पद पर पदोन्नति दी है। पदोन्नति को लेकर मंगलवार को तीन पदोन्नति निदेशकों राजीव कौशिक, रणदीप सिंह, वीके अग्रवाल ने हरियाणा सचिवालय पहुंचकर प्रदेश के मंत्री अनिल विज का आभार जताया। हरियाणा सरकार की आयुक्त और ऊर्जा सचिव चेयरमैन बिजली कंपनियों आशिमा बराड़, एमडी डा. आदित्य दहिया, विक्रम सिंह सभी ने पदोन्नत इंजीनियर्स को बधाई दी है।

# पूर्व प्रेमी से एक मुलाकात व्यभिचार नहीं माना जा सकता : हाईकोर्ट

## पत्नी के झूठे आरोपों की वजह से मिला तलाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने वैवाहिक विवाद से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट किया है कि किसी महिला का अपने पूर्व प्रेमी से एक बार मिलना मात्र उसे व्यभिचार का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि शादी से पहले किसी व्यक्ति के साथ संबंध होना भी विवाह के बाद स्वत व्यभिचार का आधार नहीं बनता। कोर्ट ने फैमिली कोर्ट द्वारा पति के पक्ष में दिए गए तलाक के आदेश को बरकरार रखते हुए पत्नी की अपील खारिज कर दी। मामला 16 नवंबर 2021 को हुए विवाह से जुड़ा था। दंपति की कोई संतान नहीं थी। पति भारतीय नौसेना में कार्यरत है और उसने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी शादी के बाद भी दूसरे व्यक्ति के संपर्क में थी। पति ने अदालत में दावा किया कि उसकी पत्नी का व्यवहार झगड़ालु था। वह उसके साथ बिस्तर साझा करने से इनकार करती थी और मोबाइल फोन पर अज्ञात लोगों से बात करती रहती थी। पति का कहना था कि बाद में उसे पता चला कि पत्नी शादी से पहले भी एक अन्य व्यक्ति के साथ संबंध में थी। उसने पत्नी को रंगेहाथ पकड़ा। वहीं, पत्नी ने इस मामले में ससुर पर गलत नजर रखने व दहेज आदि के झूठे आरोप लगाए। इन झूठे आरोपों के आधार पर ही पति के पक्ष में दिए गए फैसले को बरकरार रखा गया।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर

# दाम बढ़ने से जून में पांच प्रतिशत पर पहुंच सकती है खुदरा मुद्रास्फीति : अर्थशास्त्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि के चलते खुदरा मुद्रास्फीति जून तक बढ़कर करीब पांच प्रतिशत तक जा सकती है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों में किसी भी बदलाव से पहले स्थिति का आकलन करने के लिए 'इंतजार और निगरानी' की नीति अपनाएगा। 15 मई से शुरू हुई 11 दिन की अवधि में पेट्रोल की कीमतों में 7.38 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.48 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। विश्लेषकों के अनुसार, ईंधन की कीमतों में यह वृद्धि परिवहन, भंडारण और आंशिक रूप से बिजली जैसे क्षेत्रों की लागत बढ़ाकर महंगाई पर सीधा असर डालेगी।

- सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि का भी प्रभाव पड़ेगा

**खास बातें**

- आरबीआई ब्याज दरों में इंतजार करो की नीति अपनाएगा
- रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है



### सरकार ने सराफा पर आयात शुल्क किया 15 प्रतिशत

इसके अलावा, सरकार ने 13 मई को सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इस तरह कीमती धातुओं के गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई है।

### जून में मुद्रास्फीति 5 फीसदी से नीचे रह सकती है

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में औसतन 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति में करीब 0.75 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। मई, 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति 4-4.5 प्रतिशत और जून में 4.5-5 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में यह वृद्धि लागत पर आधारित होने से रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है।

### तेजी का रुझान दिख रहा

हालांकि, यदि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से ऊपर जाती है और उसमें तेजी का रुझान दिखता है, तो केंद्रीय बैंक दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से ऊपर जा सकती है, लेकिन आरबीआई के छह प्रतिशत के ऊपरी संतोषजनक स्तर के भीतर रहने की संभावना है।

### आरबीआई तटस्थ रुख अपना सकता है

अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पांच जून को होने वाली की बैठक में सभी प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखते हुए 'तटस्थ रुख' बनाए रखा जा सकता है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 42 महीने के उच्चस्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत रही।

## रुपया 47 पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.73 (अस्थायी) पर रहा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 95.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## हिताची एनर्जी का मार्च तिमाही लाभ 80% बढ़ा

**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान अपने शुद्ध लाभ में करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 330.5 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के लाभ में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च आय से हुई है।कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में समान तिमाही के दौरान कंपनी ने 183.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बयान मे कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 2,754.1 करोड़ रुपये हो गई, जो 46.2 प्रतिशत की वृद्धि है और यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,883.7 करोड़ रुपये थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | मण्डी डबवाली, जिला सिरसा में नये स्कूल भवन जीएमएसएसएस में अग्निशमन और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान (सीएम घोषणा कोड सं. 26674) (डिपॉजिट वर्क)। | 23.05.2026 02.06.2026 | ईएमडी रु. 65,700/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45612/1/88/6 दि. 26.05.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | एनआईटी सं. 15/सीएच-18/ आरजीटीपीपी/टीजीएम-II/ 112-XXI, दिनांक 18.05.2026 आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार में 2 वर्ष की अवधि के लिए 2×600 एमडब्ल्यू. यूनिट-1 और 2 (सेक. चाइना मेक) की टीजी और इसकी सहायिकाओं के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। | 18.05.2026 09.06.2026 | रु.1,14,52,819/- जीएसटी को छोड़कर | https://etenders.hry.nic.in | 8222023866 Xentgm2.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45592/1/88/6 दि. 26.05.26



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sagar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**Smt. Suresh**
**Vs.**
**Smt. Kamlesh**
Civil Suit No. 441 of 2025
CNR No. HRSOA0-000553-2025
Next Date : 01.07.2026
Suit for Declaration and Permanent Injunction
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Smt. Kamlesh widow of Late Ram Dass son of Tulsi 2. Sunita 3. Kuldesh 4. Babita all daughter of Late Ram Dass son of Tulsi 7. Smt. Jaiwanti widow of Dharampal son of Tulsi 8. Surender 10. Sushil 11. Satish all sons of Late Dharampal son of Tulsi 12. Bimla daughter of Bansi now deceased through her LR's. (I) Balister son of Late Bimla daughter of Bansi 13. Narender Kumar 14. Bijender both son of Late Smt. Murti daughter of Tulsi 15. Smt. Kusum 16. Smt. Sharda 17. Smt. Kavita daughters of Late Smt. Murti daughter of Tulsi All resident of Village Umedgarh Tehsil Ganaur District Sonipat. 19. State of Haryana through its Collector, Sonipat.**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **01.07.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
**Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur**
Dated, this day of 25.05.2026



**Plant Nursery Associate से संबंधित कोर्स के लिये आवेदन आंमत्रित ।**
**(सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना ज़िला फतेहाबाद (हरियाणा) पर वर्ष 2026-27 में Plant Nursery Associate (QP) से संबंधित कोर्स हेतू पोर्टल ओपन किया जा रहा है। इच्छुक प्रार्थी दिनांक- 27.05.2026 से 10.06.2026 को सांय 05:00 बजे तक उद्यान विभाग की वेबसाईट (kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतू ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची।

| केन्द्र का नाम | कोर्स का नाम | शैक्षणिक योग्यता | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना (फतेहाबाद)। | Plant Nursery Associate (270 Hours.) | 10 वीं उत्तीर्ण | 05 |

> प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिऐ।
> प्रशिक्षण के लिये अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना पर सीटों की संख्या 05 हैं।
> प्रार्थी हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिये।
> प्रार्थियों का चयन कक्षा 10वीं के अंकों की मैरिट के आधार पर होगा।
> काउंसलिंग दिनांक- 12.06.2026 को प्रातः 10:30 बजे अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना में होगी।
> आवेदनकर्ता अपने जरुरी कागजात जैसे कि आधार कॉर्ड, 10वीं कक्षा की मार्कशीट, बैंक पासबुक, पैन कॉर्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति, पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल रुप में काउंसलिंग के दौरान अपने साथ लेकर आयें।

अधिक जानकारी के लिये अधिकारी (मो0 98966-27768) से किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं।

**हस्ता/-(लिंक ऑफिसर-1)**
**उपनिदेशक उद्यान,**
**अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र,**
**भूना (फतेहाबाद)।**
पीआरडीएच 1149/11/1106/2027/45596/88/6 दि. 26/05/2026


## समझौते पर अनिश्चितता के बीच सोना 2,800 रुपये टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,800 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव के कारण निवेशकों ने डॉलर की ओर अपना रुख कर लिया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को, सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतें नीचे आ गईं और एक सीमित दायरे में रहीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया। कूटनीतिक मोर्चे पर कोई सफलता न मिलने के कारण अधिकांश प्रतिभागी बाजार से किनारा किये रहे। हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 2,73,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में यह 2,71,000 रुपये रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम

**मुंबई (एजेंसी)।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 479 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 118 अंक की गिरावट आई। ईरान के दक्षिणी भाग में अमेरिकी हमले की रिपोर्ट के बाद कच्चे तेल के दाम में आई तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा रुपये में गिरावट के बीच वित्तीय और बैंक शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नुकसान में रहा।बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.63 प्रतिशत टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 579.28 अंक की गिरावट आई और यह 75,909.68 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,913.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''दक्षिणी ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियानों की खबरों के बाद अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद कम हुई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और रुपये में कुछ समय की तेजी के बाद फिर से गिरावट देखने को मिली।'' सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, टाइटन और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, इटर्नल, मारुति और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.27 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त में रहे।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## यूनियन बैंक बांड, इक्विटी से 8,000 करोड़ रुपये जुटाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने मंगलवार को बॉन्ड या इक्विटी के माध्यम से 8,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने की मंजूरी दी। इसमें 3,000 करोड़ रुपये इक्विटी शेयर जारी कर जुटाए जाएंगे। यूनियन बैंक ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने बासेल तीन के अनुरूप अतिरिक्त टियर 1 बॉन्ड और/या टियर 2 बॉन्ड के माध्यम से 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाने को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, बोर्ड ने 8,000 करोड़ रुपये की कुल सीमा के भीतर किस्तों में 3,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी दी है। यह पूंजी सार्वजनिक निर्गम (यानी आगे सार्वजनिक पेशकश) और/या राइट्स इश्यू और/या निजी नियोजन के माध्यम से जुटाई जाएगी।


**कार्यालय नगरपरिषद, टोहाना।**
(अधीनस्थ : शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा, पंचकूला)
दूरभाष : 01692-230032, ई-मेल :eo-tohana@ulbharyana.gov.in/metohanal@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

नगर परिषद टोहाना क्षेत्र में स्थित सभी पार्कों के सुचारु रख-रखाव हेतु वित्त वर्ष 2026-27 के लिए योग्य RWO/NGO संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक एवं पात्र संस्थाएं, जो नगर परिषद टोहाना क्षेत्र में पार्कों के रख-रखाव कार्य करने में सक्षम हों, वे निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन दिनांक 26-05-2026 से 01-06-2026 तक कार्यालय, नगर परिषद टोहाना में कार्यालय समय के दौरान जमा करवा सकती हैं। आवेदन करने वाली संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित मानकों एवं शर्तों के अनुसार कार्य को सुचारु रूप से संपादित करने में सक्षम हैं। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन निर्धारित मानदंडों (शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा पंचकूला के पत्र क्रमांक EE-I/DULB/2022/6995 दिनांक 13.12.2022 द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार) के आधार पर किया जाएगा तथा उपयुक्त संस्थाओं का चयन नियमानुसार किया जाएगा। संस्था को संबंधित क्षेत्र में कार्य का अनुभव होना व पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। नगर परिषद को किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी एवं आवेदन बारे नियम कार्यालय नगर परिषद टोहाना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

**हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी**
**नगर परिषद टोहाना।**
संवाद 1078/11/1066/2027/45588/C/88/6 दि. 26/05/2026



**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है :-

| क्र. सं. | कैटेगरी एवं विवरण | ई-कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख-रखाव के ठेका | UMB-PnUToi-5-26 | शिमला (PF No-1A) अम्बाला सिटी, मलेरकोटला, अम्बन्दौरा एवम बठिंडा (PF-5/7) | 01.06.2026 को 12:00 बजे |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1781/26



**उत्तर रेलवे**
**ई-टेंडरिंग**
**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी – 02/2026-27, दिनांकः 26.05.2026**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | बोल प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30 विद्युत-02/2026-27 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन के अंतर्गत एडीएन/बठिंडा के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/बठिंडा खंड में बरनाला स्थित रेलवे कॉलोनी और स्टेशन में स्टैंडबाय ट्यूबवेल की व्यवस्था और विफल ट्यूबवेल संख्या के प्रतिस्थापन में ट्यूबवेल की व्यवस्था। बठिंडा रेलवे कॉलोनी में 08 नंबर पर, नए माल गोदाम की स्टेजिंग और ग्रिल सहित जल आपूर्ति की मरम्मत, ऑफिस, एसएसई/डब्ल्यू/पटियाला खंड में नाभा में ट्रैक मशीन विश्राम गृह, पीडब्ल्यूआई कॉलोनी में जल आपूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत और कनेक्शन बनाना, नए पंपहाउस और नए आरसीसी ओएच टैंक को मौजूदा पंपहाउस और आरसीसी ओएच टैंक से जोड़ना, एसएसई/डब्ल्यू/धुरी खंड में रेलवे कॉलोनी में आरसीसी ओएच टैंक की मरम्मत, और एसएसई/डब्ल्यू/संगरूर खंड में ADEN/पटियाला के अंतर्गत जंग लगी और टूटी हुई पुरानी पाइपलाइनों और टूटे हुए पीवीसी टैंकों की मरम्मत, डीयूआई – जेएचएल खंड पर सीजेएल, एलएचए, जीआरएन और जेपीएस यूकेएन, डीएनएक्स पर, और यूकेएन में ओपन वेल पंप के स्थान पर सबमर्सिबल पंप की व्यवस्था करना, जीआरएन, डीएनएक्स, आरपीएचआर में फिल्टर प्लांट के सामान्य संचालन के लिए डिग्गी और आरओ प्लांट का एएमसी तथा जेएचएल – एचएसआर खंड पर डीएनएक्स आरपीएचआर और यूकेएन में प्रेशर फिल्टर प्लांट का एएमसी, रेलवे कॉलोनी, जगाधरी वर्कशॉप में जल आपूर्ति में सुधार अंबाला डिवीजन के ऊपर एक डीप ट्यूबवेल और 225 किलोलीटर क्षमता के दो आरसीसी ओवरहेड टैंक लगाकर पानी की आपूर्ति में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य। | रु. 22,92,504.43 | रु. 45,900/- | 03 महीने | 16.06.2026 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN / TIN / GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 1780/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## बैंकों का प्रदर्शन मजबूत, सालाना 15.90 प्रतिशत की वृद्धिः नागराजू

**अगरतला (एजेंसी)।** वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने मंगलवार को कहा कि देश के सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के बैंक सालाना 15.90 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 'बहुत अच्छा' प्रदर्शन कर रहे हैं। सचिव ने कहा, ''हमारे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक 15.90 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह भारतीय इतिहास में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। देश भर में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) भी घटकर 0.40 प्रतिशत रह गई हैं, जो पिछले आंकड़ों की तुलना में कम है। नागराजू ने पूर्वोत्तर राज्य में दो कार्यक्रमों में भाग लिया, जहां 8,000 लाभार्थियों के लिए 604 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा कि बैंकों के पास अब मजबूत पूंजी आधार है, जबकि कम एनपीए बैंकों की मजबूती के पीछे एक प्रमुख कारण है।


**DR. B.R. AMBEDKAR NATIONAL LAW UNIVERSITY, SONIPAT**
(Established by the Haryana State Legislature Act No. 15 of 2012)

**दुकान आवेदन सूचना**
(डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, राई, सोनीपत)


डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर में किराए पर निम्नलिखित दुकान को 11 महीने की अवधि पर देने के लिए इच्छुक पार्टियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्रमांक | दुकान का नाम | दुकान की संख्या | आकार | संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रेस्टोरेंट | 07 | 57.51 वर्गमीटर | 01 |

आवेदन सहायक कुलसचिव (सामान्य शाखा) कार्यालय में दिनांक **31.05.2026,** शाम **05:00** बजे से पहले तक जमा किया जा सकता है। नियत तारीख के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। नियम और शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं www.dbranlu.ac.in. यदि कोई आगामी सूचना होगी, तो केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

**कुलसचिव**
संवाद 2220/11/23/2027/45598/C/88/6 दि. 26/05/2026


## शब्द पहेली - 6238




**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल,समय,पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु,मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र,बेटा-3
14. क्षार,खारा-2
15. दर,मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा,भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी,सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन,परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त,निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2. सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा,धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय,खौफ-2
20. वेग,गति-3
21. मुंह,चेहरा-2
22. पैर,ओहदा-2
23. वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी,कंद-5
25. सभागार,सभाकक्ष-5
26. भयंकर,खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर,डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6237 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | ब |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | ग्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |



- ठगों ने सोशल मीडिया से सुंदर युवतियों की तस्वीरें लीं
- उन्हें दूल्हों के पीड़ित परिवारों के सामने दुल्हनों के तौर पर पेश किया
- पुलिस से अब तक केवल 10 पीड़ित परिवारों ने ही संपर्क किया

### अनाथ आश्रम की युवतियों से शादी कराने का झांसा

# मप्र के देवास में घंटों दुल्हनों का इंतजार करते रहे 42 दूल्हे, एक दंपति गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ देवास(मप्र)

मध्य प्रदेश के देवास में सामूहिक विवाह के नाम पर 42 से अधिक परिवारों से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। यहां अनाथ आश्रम की युवतियों से शादी कराने का झांसा देकर 42 दूल्हे और उनके परिजन दुल्हन का इंतजार ही करते रहे। पुलिस ने इस मामले में दंपति को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी मुकेश और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। देवास के एडिशनल एसपी जयवीर भदोरिया के मुताबिक, फरियादी अभिषेक से चर्चा के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने चार लोगों पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है।



मध्य प्रदेश के देवास में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में तैयार होकर बैठे दुल्हे ।

### 10,000 से 25,000 रुपये तक की राशि वसूली गई

पुलिस ने सुनीता दास बैरागी और उसके पति मुकेश दास बैरागी को गिरफ्तार किया, जबकि दो फरार आरोपियों- नरसिंह दास बैरागी और दिनेश दास बैरागी की तलाश की जा रही है। आरोपियों ने दूल्हों व उनके परिजनों से कहा कि वे देवास के धार्मिक स्थल में सामूहिक समारोह के दौरान उनकी शादी कराएंगे। बदले में उनसे 10,000 रुपये से 25,000 रुपये तक की राशि वसूली गई।

### विभिन्न जिलों से युवक और परिजन पहुंचे थे

विभिन्न जिलों से युवक और उनके परिजन राधागंज क्लब मैदान पहुंचे। लेकिन वहां न कोई विवाह आयोजन था, न कोई आयोजक। घंटों इंतजार के बाद परिवारों को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद वहां मौजूद दिनेशदास बैरागी के भाई से लोगों ने जवाब-तलब करना शुरू कर दिया।

### रात करते रहे इंतजार

पीड़ित परिवारों के लोगों ने बताया कि राज्य के अलग-अलग जिलों में रहने वाले दूल्हे अपने परिजनों समेत रविवार सुबह देवास के तय स्थान पर पहुंचे और रविवार रात 10 बजे तक दुल्हनों का इंतजार करते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि 42 दूल्हों और उनके परिजनों को शादी के नाम पर ठगा गया है। इस घटना ने उन परिवारों को गहरा झटका दिया है, जो अपने बच्चों की शादी के सपने लेकर देवास पहुंचे थे।

### मामले की जांच जारी

उप निरीक्षक ने बताया, शुरुआती जांच में पता चला है कि ठगों ने सोशल मीडिया से सुंदर युवतियों की तस्वीरें लीं और उन्हें दूल्हों के पीड़ित परिवारों के सामने दुल्हनों के तौर पर पेश किया। हालांकि, एक अधिकारी ने बताया कि अब तक केवल 10 पीड़ित परिवारों ने पुलिस से संपर्क किया है और कई परिवारों ने सामाजिक तौर पर शर्मिंदा होने के डर से शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शादी के नाम पर ठगी के मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### ममता बनर्जी पर दर्ज की गई एफआईआर



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के खिलाफ सिलिगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। चुनाव से पहले और 2025 में हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बेनर्जी पर आरोप है कि 2025 में कोलकाता में ईद के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था।

### राजौरी में आतंकियों से सेना की मुठभेड़ जारी

**राजौरी।** जम्मू के राजौरी में सुरक्षाबलों और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के बीच मुठभेड़ चौथे दिन भी जारी है। गंभीर मुगल और दोरिमल इलाकों में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली है। सेना, पुलिस और एसओजी की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इलाके में खून के निशान मिलने से यह संभावना जताई जा रही है कि आतंकियों में से एक घायल हुआ है।

### कालाहांडी में दम घुटने से 6 की मौत

**कालाहांडी।** ओडिशा के कालाहांडी के मदनपुर रामपुर थाना इलाके के कार्लखुंटा गांव में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में प्रवेश करने के बाद दम घुटने से 6 लोगों की मौत हो गई। यह घटना सेंटरिंग के दौरान घटी, जब एक मजदूर कथित तौर पर टैंक के अंदर गया और उसे बचाने 6 लोग टैंक के अंदर गए।

### कर्नाटक में सियासी अटकलें तेज, सीएम के इस्तीफे को लेकर तरह-तरह की बातें

# सिद्धारमैया की चला-चली की बेला


**कर्नाटक कांग्रेस एक बार फिर सत्ता से ज्यादा अंदरूनी सियासत को लेकर चर्चा में है। राज्य में मुख्यमंत्री को बदलने की अटकलों के बीच पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ता जा रहा है। वहीं कर्नाटक के एक विधायक ने दावा किया है कि उपमुख्यमंत्री डी शिव कुमार ने तीन माह पहले ही आलाकमान को अपना इस्तीफा भेज दिया था।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक कांग्रेस में लंबे समय से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें हैं। मंगलवार को सीएम सिद्धारमैया की दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान के साथ बैठक हुई। उधर, कर्नाटक में सीएम के इस्तीफे को लेकर सिद्धारमैया की चला-चली की बेला पर चर्चा जोरों पर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सिद्धारमैया इस्तीफा दे सकते हैं। हालांकि पार्टी की ओर से कहा जा रहा है यह बैठक रास उप चुनाव को लेकर हुई है। इंदिरा भवन में सिद्धारमैया और राहुल गांधी के बीच अहम बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। ये पूरी मुलाकात राहुल गांधी के चैंबर के अंदर हुई। राहुल गांधी ने उसके बाद केसी वेणुगोपाल के साथ भी मीटिंग की।

### राहुल संग बैठक फिर भी नहीं सुलझा मामला

अलग-अलग मुलाकातें हुई लेकिन तस्वीर रही अस्पष्ट



### ठोस फैसला नहीं हो सका

इस बैठक से ठीक पहले पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन महासचिव वेणुगोपाल और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ करीब डेढ़ घंटे तक गहन मंथन किया। बैठक के बावजूद अब तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। यानी सीएम सिद्धारमैया, राहुल के साथ बैठक के बाद भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं या बदलाव हो सकता है, इसे लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। बैठक के पहले चरण से अब तक कोई ठोस फैसला सामने नहीं आया है।

### कांग्रेस ने साफ किया अपना रुख

*○ कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने साफ शब्दों में कहा कि राज्य में मौजूदा व्यवस्था ही जारी रहेगी। पार्टी के भीतर किसी तरह की नाराजगी या गुटबाजी का संदेश बाहर न जाए। कांग्रेस ने साफ कर दिया कि दिल्ली में हुई बैठक किसी विवाद को सुलझाने के लिए नहीं, बल्कि आगामी राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों की रणनीति बनाने के लिए थी।*

*○ बता दें कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद से ही यह चर्चा हमेशा होती रही है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी में एक अनौपचारिक समझौता हुआ था।*

*○ माना जा रहा था कि सिद्धारमैया ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे और उसके बाद डीके शिवकुमार को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसी वजह से जब दोनों नेताओं को अचानक दिल्ली बुलाया गया, तो राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई।*

*○ डीके शिवकुमार समर्थकों को उम्मीद थी कि इस बार उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, लेकिन पार्टी ने साफ कर दिया कि अभी किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस ने बहुत सोच-समझकर यह फैसला लिया है। सिद्धारमैया की पकड़ खासकर अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग और दलित वोट बैंक में काफी मजबूत मानी जाती है।*

### दोनों पार्टियों को प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी मिली थी

## वीसीके और द्रमुक के समर्थकों के बीच झड़प, एक-दूसरे पर पथराव

भाषा ▶▶ पेराम्बलुर (तमिलनाडु)

कुन्नम बस अड्डे पर मंगलवार को अलग-अलग विरोध प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्यों के बीच झड़प हो गई और दोनों पार्टियों के समर्थकों ने एक-दूसरे पर पथराव किए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने सार्वजनिक व्यवस्था को लेकर चिंता जताते हुए पहले दोनों पार्टियों को विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन इसके बावजूद कार्यकर्ता बस अड्डे के पास एकत्र हो गए। विदुथलाई चिरुथाइगल काची (जो नवगठित टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गई है) और उसकी पूर्व सहयोगी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के बीच हिंसक झड़प हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए झड़प करने वाले सदस्यों को अलग किया और उन्हें मौके से तितर-बितर किया।



### एक और एआईएडीएमके के विधायक का इस्तीफा

*चेन्नई। तमिलनाडु एआईएडीएमके के विधायक ईसाकी सुब्बैया ने इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को पार्टी के तीन विधायकों ने स्पीकर को इस्तीफे सौंपे थे। इसके बाद वे सभी टीवीके में शामिल हो गए थे। दूसरे दिन एआईएडीएमके के विधायक ईसाकी सुब्बैया ने कहा कि मैं अपने मतदाताओं की भलाई के लिए के लिए इस्तीफा दिया हूं। सुब्बैया ने कहा कि मेरे मतदाता मेरी प्राथमिकता हैं; यह फैसला उनकी खातिर लिया गया है। मैं इन सभी मामलों के बारे में बहुत जल्द विस्तार से बताऊंगा। अगर मौका मिला, तो मैं सीएम विजय से मिलूंगा। सोमवार को एआईएडीएमके के तीन विधायकों ने इस्तीफे दिए थे। एआईएडीएमके विधायक सुब्बैया तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम विधानसभा सीट से जीते थे।*

### कोयला घोटाला: पूर्व केंद्रीय मंत्री के भाई सुबोध और तीन अन्य बरी

■ 271 पन्नों में विशेष जज ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने छत्तीसगढ़ के विजय सेंट्रल कोयला ब्लॉक के आवंटन में हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय के भाई समेत चार अन्य लोगों को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश सुनेना शर्मा ने मैसर्स एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड, इसके निदेशक अनिल गुप्ता, संयुक्त प्रबंध निदेशक दीपक गुप्ता, प्रबंधक अमृत सिंह और नामित निदेशक सुधीर कुमार सहाय को धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोपों से बरी कर दिया।

### दिल्ली जिमखाना क्लब मामले में हाईकोर्ट का राहत से इनकार

■ केंद्र ने खाली करने का दिया है आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली जिमखाना क्लब को फिलहाल दिल्ली हाईकोर्ट से कोई अंतरिम राहत नहीं मिली। जिमखाना क्लब की ओर से केंद्र सरकार के जमीन खाली करने के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। केंद्र सरकार ने मंगलवार को अदालत में साफ किया कि वह 5 जून को क्लब की जमीन का जबरन कब्जा नहीं लेगी, लेकिन लीज खत्म करने और दोबारा कब्जा लेने की प्रक्रिया जारी रहेगी। सरकार को क्लब के कब्जे वाली 27.3 एकड़ जमीन डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, संस्थागत जरूरतों और दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए चाहिए।

### पंजाब निकाय चुनाव: हिंसक झड़प के बीच 61.5 प्रतिशत मतदान

■ पटियाला में पुलिस और भीड़ के बीच पथराव

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** राज्य में आठ नगर निगमों, 75 नगर कौंसिलों व 20 नगर पंचायतों के चुनाव के लिए मंगलवार को शाम पांच बजे 61.5 फीसदी मतदान हुई। पहली बार पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश पर हर बूथ के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। पंजाब में सुबह आठ बजे से ही निकाय चुनाव शुरू हो गया। चुनाव को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। बावजूद इसके कई जगहों पर हिंसक झड़प सामने आई। फाजिल्का के अबोहर और पटियाला में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच में हिंसक झड़प देखी गई। इसमें छह लोग घायल हुए हैं।

### प्रयागराज में एसएससी परीक्षा में सर्वर फेल होने पर भड़के छात्र

■ आज की परीक्षा रद्द, कंप्यूटर व कुर्सियां तोड़ीं हाईवे जाम किया

**चंडीगढ़ (भाषा)।** यूपी के प्रयागराज में हुई एसएससी-जीडी भर्ती परीक्षा के दौरान मंगलवार को सर्वर फेल होने पर परीक्षार्थियों ने हंगामा कर दिया। उन्होंने कमरों में रखे कंप्यूटर और कुर्सियां तोड़नी शुरू कर दीं। इसके बाद छात्रों ने प्रयागराज-वाराणसी हाईवे भी जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आधे घंटे बाद बड़ी मुश्किल से मामला शांत कराया। बवाल के बाद आज की परीक्षा रद्द कर दी गई। परीक्षा जैसे ही शुरू हुई, कंप्यूटर का सर्वर डाउन हो गया। इस पर परीक्षार्थी हंगामा करने लगे थे। बवाल के बाद आज की परीक्षा रद्द कर दी गई।

### ट्विशा केस: गिरिबाला के घर पहुंची सीबीआई, कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त

■ मां और बेटे से 2 घंटे तक 'पूछताछ'

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** एक्ट्रेस व मॉडल ट्विशा शर्मा मौत के मामले में सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। मंगलवार को दिल्ली से आई सीबीआई टीम रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के बाग मुगलिया स्थित घर पहुंची और घटनास्थल का स्पॉट वैरिफिकेशन किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज समेत कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए। इस दौरान गिरिबाला सिंह और पति समर्थ से दो घंटे तक पूछताछ की गई है। करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई के बाद सीबीआई टीम घर से निकली और फिर ट्विशा के परिजनों से पूछताछ के लिए पहुंची।

### अधिकांश गिरफ्तारियां महाराष्ट्र से

## नीट पेपर लीक के तीन किरदार लेकिन सबका एक ही नाम मनीषा

**रोहतक, सेंट्रल डेस्क।** नीट-यूजी पेपर लीक की जांच में अधिकांश गिरफ्तारियां महाराष्ट्र से हुई हैं। रोचक तथ्य यह है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में तीन महिलाएं शामिल हैं औ इन सभी का नाम मनीषा है। तीनों पर इस पेपर लीक में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। पहली 46 वर्षीय ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे को 14 मई को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने उन्हें एक कॉमन लिंक बताया है, जिसने कथित तौर पर छात्रों को एक अन्य आरोपी मनीषा मांढरे से जोड़ा। मांढरे को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों पुणे की एक ही हाउसिंग सोसाइटी में रहती थीं। आरोप है कि मनीषा वाघमारे ने प्रश्नपत्र एक अन्य आरोपी धनंजय लोखंडे को उपलब्ध कराया। मनीषा मांढरे, पुणे मॉडर्न जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस, आर्ट्स एंड कॉमर्स में वरिष्ठ जीवविज्ञान शिक्षिका थीं। वह 2002 से कॉलेज में कार्यरत थीं और नीट-यूजी परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने उन्हें विशेषज्ञ के रूप में नामित किया था। सीबीआई ने उन्हें 16 मई को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मनीषा मांढरे अपने घर पर विशेष कोचिंग कक्षाएं चलाती थीं। इन कक्षाओं के दौरान उन्होंने कथित तौर पर नीट-यूजी परीक्षा के बॉटनी और जूलॉजी पेपर के कई प्रश्न लीक किए। मामले में गिरफ्तार तीसरी मनीषा हवालदार, जो पुणे के बुधवार पेठ स्थित सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला की प्रिंसिपल हैं। वह 1992 में स्कूल में फिजिक्स शिक्षिका के रूप में शामिल हुई थीं और उनकी सेवानिवृत्ति में दो महीने से भी कम समय बचा था। सीबीआई ने उन्हें 22 मई को गिरफ्तार किया। एनटीए ने मनीषा हवालदार को भी विशेषज्ञ नियुक्त किया था।

सीबीआई ने उन्हें एक कॉमन लिंक बताया

### तकनीकी खामियों की जांच में जुटी टीम

## सीबीएसई पोर्टल 72 घंटे से अधिक समय से स्थिर




**नई दिल्ली(भाषा)।** आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि ने मंगलवार को कहा कि संस्थान और आईआईटी कानपुर के चार सदस्यीय दल ने सीबीएसई पोर्टल में हाल ही में आई गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी है, जिसमें भुगतान विफलताएं और उत्तर पुस्तिका अपलोड करने से संबंधित आरोप शामिल हैं। कामकोटि ने कहा कि टीम ने इस मुद्दे की जांच शुरू कर दी और प्राथमिक ध्यान व्यवधान के सटीक कारण का पता लगाने पर है। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक समस्या बनी रही। तो इस विफलता का वास्तविक कारण क्या था? क्या यह कोई विकास संबंधी समस्या थी, तकनीकी समस्या थी, या फिर कोई साइबर हमला था? क्योंकि कुछ भी संभव है। इसलिए हम यही पता लगाना चाहते हैं ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का पोर्टल पिछले 72 घंटों से अधिक समय से स्थिर बना हुआ है।

भुगतान विफलताएं व उत्तर पुस्तिका अपलोड करने से संबंधित आरोप


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 178 दिनांक 17.05.26 धारा 127 (6) BNSS थाना सांपला जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**

नाम - प्रियका कुमारी व रिया कुमारी
पिता/पति का नाम – D/O विकास कुमार
पता - निवासी छोटका मोर जयपुर सासाराम जिला बिहार हाल किरायेदार दहकोरा रोड सांपला जिला रोहतक
उम्र- 4/5 वर्ष
कद-3 फुट ।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर



दिनांक 17.05.2026 को प्रियका कुमारी व रिया कुमारी
पिता/पति का नाम - D/O विकास कुमार
पता- निवासी छोटका मोर जयपुर सासाराम जिला बिहार हाल किरायेदार दहकोरा रोड सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 70829994125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894
3. अनुसंधान कर्ता 8901432412

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 143 दिनांक 19.07.25 धारा 318 (4) BNSS थाना सिविल लाईन माननीय अदालत श्री सोम्या गुप्ता JMIC जिला रोहतक ।**

**आरोपी POघोषित होने बारे विज्ञापन जारी 1**

नाम - मंजीत
पिता/पति का नाम – राज सिंह
पता- निवासी जयजयवंती जुलाना जिला जीन्द
दिनांक 21.05.26 को नाम मंजीत
पिता/पति का नाम – राज सिंह
पता - निवासी जयजयवंती जुलाना जिला जीन्द PO माननीय अदालत श्री सोम्या गुप्ता JMIC जिला रोहतक। **आरोपी POघोषित होने बारे विज्ञापन जारी 1** यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999138
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100

पीआरडीएच-1084/11/4862/2027/45584/88/6 दि. 26.05.2026



## भारतीय थल सेना
## JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

## अधिकारी प्रविष्टि

तकनीकी स्नातक कोर्स (टी जी सी-144) (जनवरी 2027 में निर्धारित) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन 11 जून 2026 तक खुले रहेंगे।

## OFFICER ENTRY

Online applications are invited for Technical Graduate Course (TGC-144) (scheduled in Jan. 2027).

Applications will remain open till **11 June 2026.**

**नोट :-**
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिये, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note :**
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0006/2627

चिंतन

# घुसपैठियों से सुरक्षा का बड़ा खतरा, संसाधनों पर दबाव

देश की बदलती डेमोग्राफी अब राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन से जुड़ा गंभीर विषय बनती जा रही है। खासकर पश्चिम बंगाल, असम और अन्य सीमावर्ती राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती मौजूदगी ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। बंगाल में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद जिस तरह बड़ी संख्या में लोग सामने आए हैं, उसने यह साबित किया है कि यह समस्या वर्षों से लगातार बढ़ती रही है। पूर्व की सरकारों ने इन्हें आश्रय दिए हैं। अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या संतुलन यानी डेमोग्राफी को प्रभावित नहीं करती, बल्कि देश की सुरक्षा और संसाधनों पर भी दबाव बढ़ाती है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे कई घुसपैठिये विभिन्न राज्यों में काम कर रहे हैं। उत्तराखंड, यूपी, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर तक इनके नेटवर्क फैलने की खबरें सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है। कई मामलों में नशा, हथियार तस्करी और सेना व अर्धसैनिक बलों की जासूसी जैसी गतिविधियों में भी इनके शामिल होने की आशंका जताई गई है। अब यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संसाधनों और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है। केंद्र सरकार द्वारा देश में "असामान्य जनसंख्या बदलाव" की जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी का गठन इसी चिंता का संकेत है कि समस्या अब राजनीतिक बहस से आगे बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुकी है। सीमावर्ती राज्यों में वर्षों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठता रहा है। राजनीतिक स्वार्थों और वोट बैंक की राजनीति ने इस समस्या को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया। ये लोग केवल मजदूरी या छोटे-मोटे रोजगार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ऑनलाइन ट्रांसपोर्ट, गिग वर्क, किराए के मकानों और पहचान आधारित सुविधाओं तक पहुंच बना चुके हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने पहचान और सत्यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है। दुनिया इस समय युद्ध, साइबर हमलों और खुफिया गतिविधियों के दौर से गुजर रही है। सूचना आज सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। ऐसे में यदि सीमाओं के रास्ते बिना सत्यापन के लोग देश में प्रवेश करें और वर्षों तक फर्जी पहचान के साथ रह सकें, तो यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक स्थिति है। कई मामलों में विदेशी जासूसी नेटवर्क, तस्करी और आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी ने इस खतरे को और स्पष्ट किया है। इसके साथ ही देश के संसाधनों पर बढ़ता दबाव भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत पहले से ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों के दबाव से जूझ रहा है। सरकारें जिन योजनाओं और सुविधाओं को देश के नागरिकों के लिए तैयार करती हैं, उन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों का बोझ बढ़ने से स्थानीय आबादी प्रभावित होती है। गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों के हिस्से की सुविधाएं कम पड़ने लगती हैं। यह स्थिति सामाजिक असंतोष और प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है, जो आगे चलकर सांप्रदायिक और क्षेत्रीय तनाव का कारण बन सकती है। ऐसे समय में अवैध रूप से रह रहे विदेशी तत्व देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि सरकार डेमोग्राफी के बदलते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए घुसपैठियों की पहचान करे, सीमा सुरक्षा मजबूत बनाए और उन्हें वापस भेजने की प्रभावी कार्रवाई करे।




संक्रमण
महेन्द्र तिवारी

# इबोला के खतरे के बीच भारत सतर्क

भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए।

अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला विषाणु के नए और बेहद खतरनाक प्रकोप ने पूरी दुनिया को एक बार फिर से चिंता और सतर्कता की स्थिति में ला खड़ा किया है। युगांडा और कांगो जैसे देशों में तेजी से फैल रहे इस घातक संक्रमण को देखते हुए भारत ने भी अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और विशेषकर हवाई अड्डों पर निगरानी को अत्यधिक कड़ा कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नई और सख्त मानक संचालन प्रक्रिया लागू करते हुए विमानन कंपनियों और हवाई अड्डा प्रशासन को विशेष निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित संक्रमित व्यक्ति की समय रहते पहचान करना और इस बीमारी को देश के भीतर फैलने से रोकना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 मई 2026 को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया। संगठन के अनुसार कांगो और युगांडा में तेजी से फैल रहे संक्रमण ने वैश्विक चिंता को बढ़ा दिया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार 246 संदिग्ध मामले और 80 मौतें दर्ज की गई थीं, लेकिन बाद में यह संख्या लगातार बढ़ती चली गई। कई रिपोर्टों में 600 से अधिक संदिग्ध मामलों और 139 से अधिक मौतों का उल्लेख किया गया है। कुछ ताजा रिपोर्टों में 900 से अधिक संदिग्ध मामलों और 220 संभावित मौतों की भी आशंका जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रमण बंडिबुग्यो प्रकार के इबोला विषाणु से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार को बेहद खतरनाक इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इसके लिए अब तक कोई स्वीकृत और पूरी तरह प्रभावी टीका उपलब्ध नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी स्वीकार किया है कि इस प्रकार के संक्रमण के लिए अभी केवल सहायक उपचार ही संभव है। यही कारण है कि संक्रमित व्यक्ति की जल्दी पहचान और उसे तुरंत अलग करना सबसे प्रभावी उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डों पर अतिरिक्त स्वास्थ्य दल तैनात किए गए हैं। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों की उष्मीय जांच की जा रही है ताकि बुखार या संक्रमण के शुरुआती संकेत तुरंत पकड़े जा सकें। यात्रियों से स्वास्थ्य घोषणा पत्र भी भरवाए जा रहे हैं जिनमें उनकी पिछली यात्राओं और स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित जानकारी ली जा रही है। इबोला का सबसे खतरनाक पहलू इसका लंबा उद्भवन काल माना जाता है। संक्रमण के बाद लक्षण सामने आने में 2 से 21 दिन तक का समय लग सकता है। इस दौरान संक्रमित व्यक्ति सामान्य दिखाई दे सकता है, लेकिन वह दूसरों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इसी कारण भारत में आने वाले यात्रियों की पिछले 1 महीने की यात्रा जानकारी को बारीकी से जांचा जा रहा है। यदि कोई यात्री हाल में प्रभावित देशों में गया हो या वहां से होकर आया हो तो उस पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। हवाई अड्डों पर विशेष पृथक कक्ष बनाए गए हैं ताकि किसी यात्री में लक्षण मिलने पर उसे तुरंत सामान्य लोगों से अलग किया जा सके। ऐसे यात्रियों के रक्त और अन्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों को भी तैयार रहने के निर्देश दिए




हैं। डॉक्टरों और नर्सों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे संक्रमण से सुरक्षित रहते हुए मरीजों का इलाज कर सकें। सुरक्षात्मक कपड़े, दस्ताने और उच्च गुणवत्ता वाले मास्क के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों को भी सख्त निर्देश दिए हैं। यदि उड़ान के दौरान कोई यात्री अचानक तेज बुखार, उल्टी, कमजोरी या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाता है तो चालक दल को तुरंत वायु यातायात नियंत्रण और स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचना देनी होगी। कुछ मामलों में संदिग्ध यात्रियों को विमान में अलग सीटों पर बैठाने और उनके संपर्क में आए यात्रियों की जानकारी सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इबोला दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खून, पसीने, उल्टी, लार या शरीर के अन्य तरल पदार्थों के संपर्क से फैलती है। इसके शुरुआती लक्षण सामान्य वायरल बुखार जैसे लग सकते हैं। मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, गले में दर्द, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द होता है। बाद में उल्टी, दस्त और गंभीर स्थिति में आंतरिक या बाहरी रक्तस्राव शुरू हो सकता है। यही कारण है कि शुरुआती पहचान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। युगांडा और कांगो में स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। कई स्वास्थ्यकर्मी भी संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों, सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय अविश्वास के कारण संक्रमण को नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। कुछ इलाकों में उपचार केंद्रों पर हमले तक किए गए हैं, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आज की दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और व्यापार के कारण कोई भी संक्रमण कुछ घंटों में दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकता है। यही कारण है कि अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर और यूरोप के कई देशों ने भी यात्रियों की अतिरिक्त जांच और निगरानी शुरू कर दी है। कई देशों ने प्रभावित क्षेत्रों की यात्रा को लेकर चेतावनी भी जारी की है। भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए। बीमारी को छिपाना या इलाज में देरी करना समाज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। लोगों को हाथों की सफाई, संक्रमित व्यक्ति से दूरी और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करना चाहिए। इबोला के बढ़ते मामलों ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिलाया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को हर समय तैयार रहना चाहिए। महामारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं होती बल्कि वह सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक चुनौती भी बन जाती है। यदि समय रहते तैयारी न की जाए तो छोटी सी लापरवाही भी बड़े संकट में बदल सकती है। फिलहाल भारत की कोशिश यही है कि यह बीमारी देश की सीमाओं तक पहुंचे ही नहीं और यदि कोई मामला सामने आए भी तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जा सके ताकि देश की जनता सुरक्षित रह सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
अम्बरीष प्रजापति



# डिजिटल प्रतिरोध या एल्गोरिदम का खेल

लोकतंत्र की आत्मा संवाद में बसती है। संवाद और प्रतिरोध लोकतांत्रिक परंपराएं रही हैं। जब संवाद की भाषा में मर्यादा की सीमाएं टूटने लगती हैं, तो समाज विरोध के नए रास्ते तलाश लेता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए बेरोजगार युवाओं और सोशल मीडिया, आरटीआई एक्टिविस्ट की तुलना कॉकरोच और समाज के परजीवियों से कर दी। जब इस टिप्पणी का विरोध हुआ तो 16 मई को जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मेरी टिप्पणी को कांट-छांट कर एवं गलत अर्थों में पेश किया गया। मैंने फर्जी डिग्री वाले कुछ युवाओं के लिए कहा था, लेकिन तब तक यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। उनकी इस टिप्पणी ने देश के युवाओं की दुखती रग पर हाथ रख दिया था। युवा पहले से ही बेरोज़गारी, पेपर लीक और व्यवस्था की उदासीनता से जूझ रहे थे। इसके जवाब में देश के युवाओं ने सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने या पारंपरिक तरीके से नारेबाजी करने के बजाय इंटरनेट के युग में डिजिटल प्रतीकात्मक आंदोलन करना चुना – व्यंग्य, हास्य और मीम। इसी बीच सोशल मीडिया पर वर्चुअल 'कॉकरोच जनता पार्टी' का जन्म हुआ। इसने चंद ही दिनों में देश की सबसे बड़ी और स्थापित राजनीतिक पार्टियों के फॉलोअर्स की संख्या को पीछे छोड़कर सोशल मीडिया पर एक नया इतिहास रच दिया। इससे बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक हैरत में पड़ गए। यह महज एक सोशल मीडिया ट्रेंड नहीं, बल्कि इसे देश के युवाओं का व्यवस्था के प्रति एक गहरा प्रतीकात्मक विरोध बताया गया।

सवाल यह है कि इस डिजिटल राजनीतिक मोर्चे की नींव किसने रखी और इसके पीछे की वास्तविक मंशा क्या थी? क्या यह कॉकरोच जनता पार्टी का डिजिटल अभियान वास्तव में युवाओं के मुद्दों के लिए चलाया गया या कोई नैरेटिव/ एजेंडा तो नहीं? इसे समझना आवश्यक है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके हैं, जो पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस में मास्टर्स कर रहे हैं। दिपके कोई नौसिखिए इंटरनेट यूजर नहीं हैं बल्कि राजनीतिक संचार और सोशल मीडिया नैरेटिव बिल्डिंग के रणनीतिकार हैं। वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम में काम किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी के नेताओं ने दावा किया कि इन फॉलोअर्स में एक बहुत बड़ा हिस्सा 'बॉट्स' (फर्जी कंप्यूटर अकाउंट्स) का है, जिनका संचालन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से किया जा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक चेतावनी की तरह है। यह इस बात का संकेत है कि भविष्य के चुनाव केवल जमीनी स्तर पर नहीं, बल्कि डिजिटलमैनिपुलेशन और एल्गोरिदमके जरिए भी लड़े जा सकते हैं। इस सटायरिकल डिजिटल मूवमेंट को मीडिया थ्योरीज से समझते हैं। रूसी दार्शनिक मिखाइलबख्तिन ने सदियों पहले कार्निवलेस्क का सिद्धांत दिया था जिसके अनुसार लोक संस्कृति में आम जनता हास्य और प्रतीकों के जरिए अपनी बात रखती थी और प्रतिरोध करती थी। सीजेपी का इसी कार्निवलेस्क सिद्धांत के तहत प्रतिरोध है। यह प्रतीकात्मक आंदोलन डिजिटल संचार की उन आधुनिक कूटनीतियों पर टिका है जो पारंपरिक मीडिया के पूरे ढांचे को चुनौती देती है।

मैकोम्ब्स और शॉ का 'एजेंडा-सेटिंग' सिद्धांत कभी यह दावा करता था कि एजेंडे मुख्यधारा का मीडिया तय करता है। कॉकरोच जनता पार्टी का यह डिजिटल मूवमेंट नेटवर्क एजेंडा सेटिंग के जरिए काम कर रहा है। जहां इंटरनेट पर पैरोडी घोषणा पत्रों, व्यंग्यात्मक मीम्स और हैशटैग्स को वायरल किया जाता है। जो सोशल मीडिया के एल्गोरिदम को प्रभावित करते है। इस पूरे प्रकरण से यह साफ है कि जनता को यह समझना होगा कि हर चमकती हुई चीज सोना नहीं होती और सोशल मीडिया पर दिखने वाले फॉलोअर्स असली जनसमर्थन का प्रतीक नहीं होते। इस तरह के डिजिटल संगठनों के उभार, उनके पीछे छिपे अज्ञात चेहरों और फंडिंग के स्त्रोतों की गहन जांच होनी चाहिए ताकि हमारे देश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया को किसी भी तरह के बाहरी या आंतरिक डिजिटल मैनिपुलेशन से बचाया जा सके। जब तक इस आभासी संगठन के पीछे के सच को पूरी तरह नहीं समझ लेते, तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी और देश के लोकतंत्र को इस तरह के सैटिरिकल से बचाए रखना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## रिलेशनशिप में इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

अंतर्मन




आज की पाती

### रुपये का अवमूल्यन चुनौती भी, अवसर भी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ती महंगाई के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था एक नए दबाव का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा की बचत की अपील और आर्थिक मंदी की आशंका व्यक्त करना इसी चिंता को दर्शाता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिससे भारत का आयात बिल काफी बढ़ गया है। इसका सीधा असर भारतीय रुपए पर पड़ रहा है और अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि भविष्य में रुपया प्रति डॉलर 100 रुपए के स्तर तक पहुंच सकता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। रुपए का अवमूल्यन चुनौती भी है, और अवसर भी है। *– मोंटी शर्मा, अंबाला*

ट्रेंड

### जनमानस परिवर्तन



देश जनमानस परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दों पर निर्णायक कदम उठा रहा है। यह मुद्दा केवल जनसंख्या परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक संरचना से भी जुड़ा है।
**-अन्नपूर्णा देवी**, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### मुफ्त राशन



अब दिल्ली सरकार की ओर से 25 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मुफ्त राशन मिलेगा। नई सीबीडीसी-आधारित प्रणाली के माध्यम से राशन का लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंचेगा।
**- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### देश की बर्बादी



यह एक तरह का धीमा जहर है जो गरीबों को तबाह कर रहा है। मोदी सरकार हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके कीमतें बढ़ा रही है। अगर एक हफ्ते में कीमतें 10-12 रुपये बढ़ जाती हैं, तो इसका मतलब है कि मोदी जी इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहते और देश को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

### आंतरिक शांति का संदेश



ऐसे समय में जब दुनिया संघर्ष, तनाव, विभाजन और अशांति का सामना कर रही है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का करुणा, सहअस्तित्व और आंतरिक शांति का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। संवाद और मानवता में उनका विश्वास लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है।
**- विक्रमजीत सिंह**, राज्यसभा सदस्य

करंट अफेयर

## गर्मियों के दौरान वायु गुणवत्ता अधिक खराब हो सकती है

दुनिया भर में वायु प्रदूषण को किसी भी अन्य पर्यावरणीय जोखिम की तुलना में समय से पहले होने वाली अधिक मौतों से जोड़ा जाता है। इससे फेफड़ों के कैंसर, श्वसन संक्रमण, हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों तथा अन्य कारणों से मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। कनाडा जैसे देशों में भी, जहां वायु प्रदूषण को आमतौर पर कम जोखिम वाला माना जाता है, हर साल 17,000 से अधिक समयपूर्व मौतें और 140 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के आर्थिक नुकसान इससे जुड़े हैं। भारी उद्योगों और जंगलों में लगने वाली आग से उत्पन्न प्रदूषण बाहरी हवा को इतना दूषित कर सकता है कि वह तत्काल स्वास्थ्य जोखिम पैदा करने लगती है। जलवायु परिवर्तन तापमान, हवाओं और वर्षा के स्वरूप में बदलाव के जरिए वायु गुणवत्ता को और खराब कर सकता है, जिससे प्रदूषकों का उत्सर्जन बढ़ता है। वर्ष 2100 तक अमेरिका में 10 करोड़ लोग गर्मियों के दौरान अस्वास्थ्यकर हवा में सांस लेने को मजबूर हो सकते हैं। यह संख्या वर्ष 2000 की तुलना में सात गुना अधिक होगी। शोध के अनुसार यदि वायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो लोगों के सामने या तो घरों के भीतर रहने जैसे बचाव उपाय अपनाने अथवा बीमारी और मृत्यु के बढ़े हुए जोखिम का सामना करने का विकल्प होगा।



ऑफ बीट

## क्या छोटे व्यायाम सत्र भी उपयोगी हो सकते हैं

'माइक्रोडोज़िंग' शब्द की शुरुआत साइकेडेलिक ड्रग्स की बेहद कम मात्रा में सेवन को लेकर हुई थी, जिससे मूड और प्रदर्शन में सुधार हो सके और दुष्प्रभाव कम हों। अब यह शब्द किसी भी चीज़ की अल्प मात्रा में खपत के लाभ को संदर्भित करने लगा है–जिसमें व्यायाम भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति समयाभाव के कारण 30 मिनट की दौड़ नहीं कर सकता, तो छोटे–छोटे व्यायाम सत्र भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। कम से कम कितना चलना जरूरी है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम (जैसे कि तेज़ चलना) या 75 मिनट का तीव्र व्यायाम (जैसे दौड़ना) करना चाहिए। यह व्यायाम दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना या टीम स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। साथ ही, मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे भार उठाना या स्प्रिंटिंग) सप्ताह में दो बार करना भी आवश्यक है। क्या घरेलू काम भी व्यायाम है? रोज़मर्रा की गतिविधियां जैसे बच्चों के साथ खेलना या बस स्टॉप तक पैदल जाना भी कुल शारीरिक गतिविधि में योगदान देती हैं। जैसे कि पोछा लगाना आदि मध्यम तीव्रता की गतिविधियों के अंतर्गत आ सकते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में योगासान को शामिल करने पर जोर

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत की 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए भविष्य के ओलंपिक खेलों की सूची में योगासन को शामिल करने के लिए जोर दिया जाएगा। यह खेल चार से आठ जून तक अहमदाबाद में पहली विश्व चैंपियनशिप के साथ विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। इस विश्व चैंपियनशिप में 60 से अधिक देशों के 529 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें से 114 भारतीय योगासन खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारतीय टीम का चयन ट्रायल के बाद किया गया था और अभी वह अहमदाबाद के वीर सावरकर खेल परिसर में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है।

### आईएएमई सीरीज में शिव नील पर रहेगी नजर

**कोयंबटूर।** आईएएमई कार्टिंग की प्रतियोगिता आईएएमई सीरीज इंडिया में भारत के पहले एफवन ड्राइवर नरेन कार्तिकेयन के बेटे शिव नील पर सबकी नजर रहेगी।



आरए मोटरस्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें पांच राउंड होंगे। इस सीरीज का पहला राउंड 31 मई को सीओएएसटीटी सर्किट में होगा, जिसमें 34 प्रतिभागी भाग लेंगे। आईएएमई का का पूरा नाम इटालियन अमेरिकी मोटर इंजीनियरिंग है। इसमें खिलाड़ी मिनी अंडर10, मिनी, जूनियर और सीनियर वर्गों में हिस्सा लेंगे। नील के अलावा रेहान खान रशीद और आरुतरन प्रभु भी आकर्षण का केंद्र होंगे। इस सीरीज का दूसरा चरण भी 28 जून को कोयंबटूर में होगा।

# फ्रेंच ओपन : सबालेंका, ओसाका की विजयी शुरुआत, मेदवेदेव हारे

एजेंसी ▶▶ पेरिस


विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन में भीषण गर्मी का पूरा फायदा उठाते हुए पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की तो वहीं पुरुष वर्ग में रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। सबालेंका ने स्पेन की जेसिका बौजास मानेइरो को 6-4, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। मुकाबले के दौरान उन्होंने नेट के पास आक्रामक खेल दिखाते हुए कई शानदार वॉली पॉइंट जीते। रोलां गैरों में लगातार तीसरे दिन तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था। गर्म मौसम के कारण क्ले कोर्ट तेजी से सूख रहे हैं और सामान्य से अधिक तेज खेल हो रहा है, जिससे नेट पर आक्रामक रणनीति कारगर साबित हो रही है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा, /"इस समय खेल का सबसे मजेदार हिस्सा यही है कि मैं नेट पर आकर अंक जीत पा रही हूं। मैंने अपने खेल के इस हिस्से में काफी सुधार किया है और इस पर गर्व है।/" सबालेंका ने इस मैच के दौरान हीरे से जड़े नेकलेस पहनकर ध्यान आकर्षित किया तो वहीं अपने फैशनेबल कपड़ों से सुर्खियां बटोरने नाओमी ओसाका ने महिला एकल में जर्मनी की लौरा सीगमंड को 6-3, 7-6 (3) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### अमेरिका के कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया



### 19 वर्षीय जोडर ने खेला डेब्यू मैच, गंवाए केवल पांच गेम

**पेरिस।** जब दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज चोट के कारण बाहर हो गए हैं और फ्रांस के 21 वर्षीय आर्थर फिल्स भी फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं तब स्पेन के 19 वर्षीय राफेल जोडर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर की राह में सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से एटीपी प्रतियोगिताओं में धूम मचा रहे जोडर ने फ्रेंच ओपन में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया। जोडर ने क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पहले मैच में केवल पांच गेम गंवाए। फ्रेंच ओपन में पदार्पण पर इससे कम गेम गंवाने वाले आखिरी खिलाड़ी नोवाक जोकोविच थे, जिन्होंने 2005 में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ तीन गेम गंवाए थे।



### स्वियातेक ने जोन्स को किया बाहर

इस बीच चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में 136वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एमर्सन जोन्स को 6-1, 6-2 से हराकर बाहर कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने वेरोनिका एरजावेक को 6-2, 6-2 से और इटालियन ओपन विजेता एलिना स्वितोलिना ने अन्ना बोंडार को 3-6, 6-1, 7-6 (3) से हराया।



### मोनफिल्स ने टेनिस को कहा अलविदा

गेल मोनफिल्स ने अपने हमवतन फ्रांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन से 6-2, 6-3, 3-6, 2-6, 6-0 से हारने के बाद टेनिस को अलविदा कहा।
आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने टोबी सैमुअल को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने रोमन सफिउलिन के खिलाफ 6-2, 7-6 (5), 5-7, 0-6, 6-2 से जीत हासिल की।

## आईपीएल : रजत के नाबाद 93 रन, डफी को 3 विकेट

# पाटीदार के कमाल से टाइटंस को 92 रन से हराकर आरसीबी फाइनल में

भाषा ▶▶ धर्मशाला

कप्तान रजत पाटीदार की 93 रन की विस्फोटक पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस को 92 रन से रौंदकर पांचवीं बार फाइनल में जगह पक्की की। पाटीदार ने मात्र 33 गेंदों की बेखौफ नाबाद पारी में नौ छक्के और पांच चौके जड़े। उन्होंने कुछ जीवनदान मिलने के बाद अंत के ओवरों में गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। अनुभवी विराट कोहली और कृणाल पंड्या ने 43-43 रनों की पारियां खेलीं। आरसीबी ने पांच विकेट पर 254 रन बनाने के बाद टाइटंस को 20वें ओवर में 162 रन पर आउट कर लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। इस हार के बाद टाइटंस को 29 मई को दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ना होगा। बड़े स्कोर का पीछा करते समय टाइटंस के बल्लेबाज पूरी तरह दबाव में आ गए और लगातार विकेट गंवाते रहे। टीम ने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए, जिससे आरसीबी की जीत दूसरी पारी के छठे ओवर में ही लगभग तय हो गई। राहुल तेवतिया ने 43 गेंदों में चार छक्कों और आठ चौकों की मदद से 68 रन बनाकर टाइटंस को शर्मनाक हार से बचाने की कोशिश की। उनके अलावा सिर्फ जोस बटलर (29) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार, कृणाल पंड्या और रसिख सलाम ने दो-दो विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड को एक सफलता मिली। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार लय में चल रहे साई सुदर्शन (14) ने पहले ओवर में डफी के खिलाफ लगातार दो चौकों के साथ आक्रामक शुरुआत दिलाई, लेकिन इस गेंदबाज के अगले ओवर में वह हिट विकेट हो गए। उनका बल्ला हाथ से छूटकर विकेटों से टकरा गया।

- **विराट कोहली और क्रुणाल पंड्या ने 43-43 रन बनाए**



### सूर्यवंशी व आर्चर पर रॉयल्स की उम्मीदें, सनराइजर्स से आज टक्कर

- आज शाम 7.30 बजे से मुकाबला

**मुल्लांपुर।** अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को आईपीएल के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेजतर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी 7 मैचों में से 5 में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी।

## डिविलियर्स ने 88 गेंद में कूटे 247 रन, लगातार लगाए 6 सिक्स

### टीम ने बनाया 447 का स्कोर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू डिविलियर्स ने विस्फोटक बैटिंग से धूम मचा दी। उन्होंने मैच में 88 गेंद में 247 रन की पारी खेली। मैथ्यू डिविलियर्स ने 23 चौके और 22 छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने लगातार छह छक्के लगाने का कमाल भी किया।

मैथ्यू डिविलियर्स ने दोहरे शतक वाली पारी एनपीसीएल 40 ओवर कप टूर्नामेंट में खेली। वे लॉन्गरिज क्रिकेट क्लब टीम का हिस्सा थे। डिविलियर्स के आतिशी खेल से इस क्लब ने व्हेली क्रिकेट क्लब के सामने 40 ओवर में चार विकेट पर 447 रन का स्कोर बनाया।

### व्हेली टीम 112 पर ढेर

व्हेली की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 ओवर में 112 पर ढेर हो गई. उसे 355 रन से हार मिली। इस टीम के चार ही बल्लेबाज दहाई के पार जा सके लेकिन इनमें से भी कोई 20 रन से आगे नहीं गया। लॉन्गरिज की ओर से व्हाइटहेड सबसे सफल रहे जिन्होंने 15 रन देकर चार शिकार किए। 25 साल के डिविलियर्स साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज हैं। वे साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में जोबर्ग सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इस टीम के लिए उन्होंने 11 मैच में 116 की स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए थे। साउथ अफ्रीका के घरेलू वनडे टूर्नामेंट में उन्होंने बोलैंड के खिलाफ 77 गेंद में 133 रन की पारी खेली थी। उन्होंने अभी तक 12 फर्स्ट क्लास मैच में 659, आठ लिस्ट ए में 389 और 20 टी20 में 545 रन बनाए हैं। वे घरेलू क्रिकेट में वॉरियर्स टीम की तरफ से खेलते हैं।

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: मैराथन मुकाबले में जीते गुकेश प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली को हराया

- कार्लसन को करना पड़ा पहले दौर में हार का सामना

एजेंसी ▶▶ ओस्लो

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक कड़े और तनावपूर्ण मैराथन मुकाबले के बाद जीत हासिल की और आर प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली सो को हराया, लेकिन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने लगभग 5 घंटे तक चले 144 चाल के मुकाबले के बाद आर्मागेडन (मुख्य बाजी ड्रॉ रहने के बाद टाईब्रेक मुकाबला) में जीत के बदौलत 1.5 अंक हासिल किए, जबकि कीमर को क्लासिकल मुकाबला बराबर रहने के कारण एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। इस मैराथन मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी अंतिम चरणों में स्पष्ट रूप से घबराया हुआ दिखा जबकि जर्मन खिलाड़ी ने पूरे क्लासिकल मुकाबले में संयम बनाए रखा। टाईब्रेक में हालांकि गुकेश ने जीत हासिल करने में देर नहीं लगाई।





### गुकेश-प्रज्ञाननंदा दूसरे स्थान पर

फिरोजा ने इस तरह से 10 दौर की प्रतियोगिता में तीन अंकों के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा 1.5-1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो और कीमर के एक-एक अंक हैं, जबकि कार्लसन ने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है।

### हम्पी और दिव्या जीती

महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा ने कोनेरु हम्पी पर क्लासिकल मुकाबले में ही जीत हासिल की। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुजिचुक को झू जिनर ने आर्मागेडन टाईब्रेक में हराया। दिव्या देशमुख ने महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ आर्मागेडन में शानदार प्रदर्शन करते हुए टाईब्रेक में जीत हासिल की।

## पन्नीरसेल्वम ने जीते दो स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने श्रीलंका में राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों खिताब जीतकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने प्रत्येक प्रारुप में सात राउंड में 6.5 अंक हासिल करके दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रैपिड स्पर्धा में ग्रैंडमास्टर श्रीहरि ने रजत और जीएम मित्राभा ने कांस्य पदक हासिल किया। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर रोहित कृष्णा ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक जीता। मित्राभा ने क्लासिकल वर्ग का खिताब जीता, जबकि श्रीलंका के रानिंदु लियानागे ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 26 मई तक किया गया, जिसमें भारत, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मॉरीशस, मालदीव, पाकिस्तान, बांग्लादेश, कीनिया, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड और कनाडा के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



### आईसीसी विमेंस रैंकिंग

# लिंसी ने लगाई 38 पायदान की छलांग, बनीं 'नंबर-2' गेंदबाज

एजेंसी ▶▶ दुबई

इंग्लैंड की स्पिनर लिंसी स्मिथ नवीनतम आईसीसी विमेंस टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 38 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। लिंसी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 6 विकेट अपने नाम किए थे। बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी ने टी20 रैंकिंग में अपनी साथी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को पछाड़ दिया है, जो अब रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

### गेंदबाजों में शीर्ष 7 में 4 खिलाड़ी इंग्लैंड के

टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 7 में से 4 खिलाड़ी इंग्लैंड से हैं। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने शुरुआती दो मुकाबलों में 3 विकेट हासिल किए थे, लेकिन अंतिम मुकाबले में नहीं खेल सकीं। वह फिलहाल चौथे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि कार्यवाहक कप्तान चार्ली डीन ने सीरीज में पांच विकेट लेकर सातवें स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है।



### सोफी ने की टॉप-10 में वापसी

बल्लेबाजी रैंकिंग पर नजर डालें तो न्यूजीलैंड की पूर्व कप्तान सोफी डिवाइन 2 साल में पहली बार टॉप-10 में वापसी करने में सफल रहीं। उन्होंने इस सीरीज में कुल 132 रन बनाए, जिसमें शुरुआती 2 मुकाबलों में 45 और 87 रनों की पारियां शामिल हैं।

### शैफाली को हुआ एक स्थान का फायदा

बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो वहां भी टॉप-10 में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैक्ग्रा एक स्थान आगे आई गई हैं और वह 729 रेटिंग पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं शैफाली वर्मा को भी फायदा मिला है, वह 724 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आठवें से सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं।

## फ्री स्टाइल में भारत ने ओवर ऑल पहला स्थान प्राप्त किया

# एशियन कुश्ती प्रतियोगिता: हरियाणा के पहलवानों ने जीते सभी पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



अंडर-23 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए फ्री स्टाइल मुकाबलों में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए मुकाबलों में देश के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित सात पदक जीते। इसमें सभी पहलवान हरियाणा के हैं। फ्री स्टाइल में भारत ने ओवर ऑल पहला स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता वियतनाम में आयोजित की जा रही है। 74 किलोग्राम में दीपक ने स्वर्ण पदक जीता। 65 किलोग्राम में मोहित और 79 किलोग्राम में चंद्रमोहन ने स्वर्ण पदक जीता। 125 किलोग्राम में लक्की ने रजत पदक जीता। 61 किलोग्राम में दीपक ने और 92 किलोग्राम में पुनित ने रजत पदक जीता। 86 किलोग्राम में सचिन मोर ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले सोमवार को हुए मुकाबलों में विक्की ने 97 किलोग्राम में और अक्षय ने 57 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता था। चंद्रमोहन ने कजाकिस्तान के येरखान अबिलोव के खिलाफ 7-6 से रोमांचक जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। 61 किलोग्राम में वर्ग के फाइनल में, दीपक ने कज़ाकिस्तान के नूरदानत ऐतानोव के खिलाफ 4-4 से कड़ा मुकाबला खेला, लेकिन आखिर में उन्हें सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। 74 किलोग्राम वर्ग में एक ब्रॉन्ज़ मेडल भी जीता, जब दीपक ने तुर्कमेनिस्तान के वतन अन्नाइराज़ोव को 10-0 से एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। कुमार पुनीत ने 92 किलोग्राम वर्ग में भारत की झोली में एक ओर सिल्वर मेडल डाला, फाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान के उलुकबेक सोरोमबेकोव से 1-12 से हार गए। मोर सचिन ने 86 किलोग्राम वर्ग में बॉबुरबेक रुज़िम्बोएव के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत हासिल करके ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। लक्की को 125 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा, वे फाइनल मुकाबले में कज़ाकिस्तान के रिज़ाबेक ऐतमुखान से 0-10 से हार गए। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

### नई दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर बोले

# इंडो-पैसिफिक को मजबूत बनाने के लिए साझा हितों के तहत सहयोग बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद कहा कि क्वाड देशों का उद्देश्य आपसी सहयोग को मजबूत करना और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को अधिक सुरक्षित, समृद्ध और स्थिर बनाना है। उन्होंने जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। जयशंकर ने कहा कि बैठक में मुख्य रूप से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि क्वाड के चारों सदस्य समुद्री सीमाओं वाले लोकतांत्रिक देश हैं, जो इंडो-पैसिफिक के अलग-अलग हिस्सों में स्थित हैं और साझा हितों के तहत सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी 2026 की पहली बैठक है। 2025 में भी हमारी दो बैठकें हुई थीं। इस दौरान वैश्विक परिस्थितियों और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की चुनौतियों पर गंभीर चर्चा हुई।

### चारों देशों में दुनिया की कई बड़ी समस्याओं से निपटने की क्षमता


संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते क्वाड विदेश मंत्री

## ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होः जापान



जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने कहा कि क्वाड देश उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई एनर्जी सिक्योरिटी इनिशिएटिव एक सही समय पर उठाया गया कदम है।

## भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक समझौता

## महत्वपूर्ण खनिज व दुर्लभ मृदा तत्वों की सप्लाई चेन में करेंगे सहयोग



भारत और अमेरिका ने मंगलवार को एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका मकसद महत्वपूर्ण खनिज और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है। ये वही जरूरी पदार्थ हैं जो सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक गाड़ियां, सोलर पैनल और हाईटेक रक्षा उपकरण बनाने में इस्तेमाल होते हैं। यह समझौता क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुआ, जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद थे। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि आज हम भारत-अमेरिका के बीच एक ऐसा फ्रेमवर्क साइन कर रहे हैं, जिसका मकसद क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ्स की सप्लाई को सुरक्षित करना है। इस फ्रेमवर्क का मकसद पूरे सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाना है, जिसमें खनन, प्रोसेसिंग, रीसाइक्लिंग और इससे जुड़े निवेश शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह समझौता इसलिए किया गया है, क्योंकि भारत और अमेरिका का साझा रणनीतिक हित है। उनका कहना है कि मजबूत और इनोवेशन पर आधारित अर्थव्यवस्थाएं ऐसी चीजों पर निर्भर नहीं रह सकतीं, जो सिर्फ एक ही देश या एक ही स्रोत से मिलती हों। वरना वह देश इसे दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकता है।

## कनाडा के पीएम से मिले पीयूष गोयल

**एजेंसी/ओटावा।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, भारत-कनाडा आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कनाडा के ओटावा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से भेंट करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीयूष गोयल ने पीएम कार्नी की हाल की भारत यात्रा को स्मरण किया, जिससे भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास मिला। दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए दूरदर्शी चर्चा करते हुए भारत-कनाडा सीईपीए के शीघ्र संपन्न होने की आशा व्यक्त की।

## सीमा पर लगेंगे एंटी ड्रोन सिस्टम, दुश्मनों पर होगी हमारी पैनी नजर


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सांचू पोस्ट में बीएसएफ जवानों से मुलाकाता की

**एजेंसी/बीकानेर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीकानेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सांचू पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान प्रहरी सम्मेलन में सरकार अगले 6 महीने में ड्रोन रोधी संयंत्र लगाने की शुरुआत कर रही है। लेकिन ड्रोन यहां की जमीन पर उतरता है, इसे कौन रिसीव करता है, कौन उसके

### भारत ने मुंहतोड़ जवाब देने की नीति अपनाई

मटेरियल का उपयोग करता है, इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शाह हेलिकॉप्टर से सांचू पहुंचे थे। उनके साथ राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा भी थे।

## 24 डिजाइन परियोजनाएं मंजूर

**एजेंसी/नई दिल्ली।** भारत सेमीकंडक्टर मिशन ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नया ऑनलाइन "इन्वेस्टर सपोर्ट पोर्टल" शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, केंद्र सरकार की सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम के तहत अब तक 12 फैब या पैकेजिंग परियोजनाओं और 24 सेमीकंडक्टर डिजाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।










Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Haryana. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR**: Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**